卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 82 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर ( ऊधमसिंहनगर ) ♦रविवार ♦28 दिसम्बर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# पर्वतीय क्षेत्रों में सशक्त होगा आधारभूत ढांचा: धामी

## मुख्यमंत्री ने कोटाबाग में 'पहाड़ पंछ्याण' महोत्सव का किया शुभारम्भ, कई योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास





कोटाबाग/रामनगर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को कोटाबाग क्षेत्र में आयोजित घोड़ा लाइब्रेरी 'पहाड़ पंछ्याण' महोत्सव 2025 का शुभारंभ किया । मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर विधानसभा कालाढूंगी और जनपद नैनीताल के लिए कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी। महोत्सव के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने घोड़ा लाइब्रेरी 'पहाड़ पंछ्याण' महोत्सव 2025 के लिए 91 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की। इसके साथ ही जनपद नैनीताल में पशु चिकित्सालय नैनीताल भवन के निर्माण के लिए राज्य योजना के तहत मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार की पहलें न केवल स्थानीय शिक्षा और संस्कृति को सशक्त करती हैं, बल्कि पहाड़ी क्षेत्रों में आधुनिक विकास और सामुदायिक सहभागिता को भी बढ़ावा देती हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य पर्वतीय क्षेत्रों में शिक्षा, संस्कृति और आधारभूत ढांचे को समान रूप से सशक्त करना है। उन्होंने संकल्प फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि घोड़ा लाइब्रेरी जैसे आयोजन पहाड़ की लोकसंस्कृति और ज्ञान परंपरा को नई पहचान दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने उपस्थित छात्र-छात्राओं और आमजन से आह्वान किया कि वे इस प्रकार के सांस्कृतिक एवं शैक्षिक कार्यक्रमों में भाग लेकर अपनी सांस्कृतिक जड़ों और स्थानीय विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं।विकास योजनाओं के तहत विधानसभा कालाढूंगी के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए कई सड़क और पुल परियोजनाओं की घोषणा की गई। राजकीय प्राथमिक विद्यालय भगवानपुर से राजकीय इंटर (शेष पृष्ठ सात पर)

# जमीनी विवाद में तड़तड़ाई गोलियां,एक की मौत

**मटर के खेत में कब्जे को लेकर हुई ताबड़तोड़ फायरिंग**



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर के प्रीत विहार क्षेत्र में आज रविवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जमीनी विवाद के चलते हुए विवाद में अचानक ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू हो गई। गोली लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारी भी दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए और उन्होंने आज पास के क्षेत्रों में आरोपियों को पकड़ने के लिए कांबिंग शुरू कर दी। बताया जाता है कि एक ठेकेदार मजदूर अड्डे से खेत में काम के लिए मजदूर ले गया था। प्रीत बिहार क्षेत्र में खेत में काम हो रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर दो पक्षों में विवाद शुरू हो गया। जो देखते ही देखते हिंसक रूप ले बैठा। विवाद के दौरान एक पक्ष ने अवैध हथियार निकालकर कई राउंड गोलियां चला दीं। अचानक हुई फायरिंग से खेत और आसपास मौजूद लोग जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे। फायरिंग के दौरान अड्डे से गये एक मजदूर कार्तिक को गोली लग गई। जिसे उसका साथी सूरजं तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गया। जहां चिकित्सकों ने कार्तिक को मृत घोषित कर दिया जिसकी पहचान बिहार निवासी 32 वर्षीय कार्तिक के रूप में की गई है। बताया जाता है कि कार्तिक रूद्रपुर घूमने आया था और वह अपने दोस्त सूरज के साथ काम के लिये लेबर अड्डे पर गया था (शेष पृष्ठ सात पर)

# सिविल अस्पताल में रिश्वत लेता डाक्टर रंगे हाथों दबोचा

रुड़की। सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की साख पर सवाल खड़े हो गए हैं, जब विजिलेंस टीम ने शनिवार देर रात एक डॉक्टर को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार, आरोपी डॉक्टर करीब 20 दिन पहले ही सिविल अस्पताल में तैनात हुआ था और इससे पहले मसूरी में कार्यरत था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, रिश्वत मांगने के आरोप में पीड़ित ने विजिलेंस विभाग से शिकायत की। इसके बाद विभाग ने पूरी योजना बनाकर ट्रैप कार्रवाई अंजाम दी। तय रकम लेते ही डॉक्टर को इमरजेंसी वार्ड में मौके पर ही दबोच लिया गया। विजिलेंस की इस कार्रवाई से अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद कर्मचारियों और मरीजों के बीच भी चर्चा का माहौल बन गया। आरोपी डॉक्टर को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई शुरू की गई है। विजिलेंस अधिकारियों ने बताया कि मामले जांच की जा रही है और ह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि डॉक्टर पहले भी इस तरह की गतिविधियों में शामिल रहा है या नहीं। घटना के बाद अस्पताल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं।

# टूरिस्ट बस और डंपर की जोरदार भिड़ंत,चालक गंभीर

हल्द्वान(उद संवाददाता)। हल्द्वानी के गौला बाईपास रोड पर आंवला चौकी के पास रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब गौला नदी खनन गेट के सामने



एक टूरिस्ट बस और डंपर की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में डंपर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, टूरिस्ट बस पार्किंग से यात्रियों को लेकर दिल्ली की ओर रवाना हुई थी, जिसमें करीब दस यात्री सवार थे। इसी दौरान आवला (शेष पृष्ठ सात पर)

# कंटेनर की टक्कर से युवक की मौत, एक घायल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर के इंदिरा चौक पर दर्दनाक हादसे में बाईक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि दूसरा घायल हो गया। उसे उपचार के लिए चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पास्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। जानकारी के अनुसार घटना दोपहर करीब एक बजे की है। काशीपुर की ओर से किच्छा की ओर जा रहा कंटेनर जब इंदिरा चौक से गुजर रहा था। इसी दौरान बिना नंबर की प्लेटिना बाईक कंटेनर की चपेट में आ गयी।



कंटेनर का पिछला पहिया बाईक पर चढ़ गया। जिससे बाईक सवार युवक स्वार रामपुर निवासी 35 वर्षीय वसीम और रिजवान गंभीर रूप से घायल हो गये। बाईक वसीम चला रहा था हादसे में गंभीर रूप से घायल युवकों को मौके पर मौजूद सीपीयू दरोगा दिनेश उप्रेती और यातायात पुलिस कर्मी मनोज कुमार जिला अस्पताल ले गये जहां चिकित्सकों ने 35 वर्षीय वसीम को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल रिजवान को अस्पताल भर्ती कराया गया है। घटना के बाद पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# ऑनलाइन ट्रेडिंग के बहाने लाखों रूपये की ठगी

रूद्रपुर। ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग के बहाने बड़ी धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। रामजी विहार कॉलोनी निवासी अरुण कुमार शर्मा ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन कुमाऊँ परिक्षेत्र में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि उन्हें व्हाट्सएप के माध्यम से शेयर मार्केट में निवेश करने के लिए संदेश प्राप्त हुआ और इसके बाद उन्हें ।101 बी जलान ट्रेडिंग हब नामक ग्रुप में जोड़ा गया, जिसमें कुल 71 सदस्य शामिल थे। इस ग्रुप के एडमिन बीआर (शेष पृष्ठ सात पर)

# घर में आग लगने से लाखों का सामान हुआ राख

रूद्रपुर। ग्रीन पार्क स्थित एक घर में अचानक आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख हो गया। अग्निकाण्ड के दौरान घर पर कोई मौजूद नहीं था, पड़ोसियों ने आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी जिसके बाद दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग को काबू किया तब तक लाखों का सामान जलकर राख हो चुका था। जानकारी के अनुसार ग्रीन पार्क डिबडिबा में सरोज ग्रोवर पत्नी स्व. विजय ग्रोवर का एफ-68 फ्लैट है। शनिवार दोपहर को सरोज ग्रोवर और उनका बेटा हर्षित ग्रोवर दुकान पर थे, घर पर कोई मौजूद नहीं था। इसी दौरान घर में अचानक आग लग गयी। पड़ोसियों ने घर में धुंआ उठता देख सरोज ग्रोवर और दमकल विभाग को सूचना दी। आनन फानन में सरोज ग्रोवर और उनका पुत्र घर पहुंचे तो तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी,





सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने बमुश्किल आग को काबू किया। तब तक घर में ऐसी फर्नीच, सोफा, कपड़े सामान सहित लाखों का सामान जलकर राख हो चुका था। गृह स्वामिनी के मुताबिक अग्निकाण्ड में करीब 40 लाख से अधिक का नुकसान पहुंचा है। आग का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

# किशोरी से छेड़छाड़ और मारपीट पर भड़के हिंदू संगठन

## बाजार चौकी में काटा हंगामा, दूसरे समुदाय के दुकान स्वामी पर कार्रवाई की मांग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। देश कुछ राज्यों में गैर धर्म के लोगों द्वारा हिन्दू मातृशक्ति के साथ किये जा रहे बर्बर व्यवहार की आंच से अब देवभूमि उत्तराखण्ड में भी झुलसने लगा है। प्रदेश में पूर्व में ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं। परंतु ऐसे लोगों के खिलाफ न तो कठोर कार्रवाई हो रही है और न ही न्यायालय में सही पैरवी ही हो पा रही है जिस कारण कई आरोपी न्यायालय से उचित सबूत और साक्ष्यों के प्रस्तुत न होने पर रिहा होते जा रहे हैं। ऐसे कई उदाहरण सामने आ चुके हैं। अब यहां जिला मुख्यालय में एक बार फिर ऐसा ही मामला सामने आया है। जिसमें गैर धर्म के अधेड़ दुकान स्वामी सहित उसके अन्य साथियों द्वारा दुकान में काम करने वाली किशोरी को साथी युवती के माध्यम से गंदे मैसेज व वीडियो भेजकर उसे अपने जाल में फंसाने की कोशिश की गई और विरोध करने पर उससे छेड़छाड़ कर कैंची और डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया गया। घटना की जानकारी जब हिंदू संगठनों के लोगों को लगी तो वह पीड़िता किशोरी व उसके परिजनों को लेकर बाजार चौकी आ धमके और उन्होंने वहां पर जमकर हंगामा करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की। बाद में परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जाता है कि शहर निवासी एक विधवा महिला की पुत्री बाजार में अधेड़ मुस्लिम की दुकान पर पिछले करीब 6 माह से काम कर रही थी। काम करने वाली किशोरी का आरोप है कि दुकान स्वामी कुछ समय से उस पर बुरी निगाह रखने लगा था और नेहा नाम की एक युवती के द्वारा उसके मोबाईल पर गंदे मैसेज व वीडियो भिजवाकर उस पर गलत काम करने के लिए उकसाता था। इसका विरोध करने (शेष पृष्ठ सात पर)

# अंकिता हत्याकांड : वीआईपी की जांच को लेकर फिर मचा घमासान

## प्रामाणिक जानकारी या साक्ष्य जांच एजेंसियों को उपलब्ध करायें : एडीजी

देहरादून(उद ब्यूरो)। उत्तराखंड में अंकिता भंडारी हत्याकांड में शामिल आरोपियों को उम्रकैद की सजा हो चुकी है लेकिन अब एक बार फिर हत्याकांड से पूर्व अंकिता को अनैतिक कृत्य करने के लिए मजबूर करने वाले लोगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग तेज हो गई है। यह मामला तब सुर्खियों में आया है अभाव में नहीं हुई थी। लेकिन अब नये खुलासों और आरोपों के बाद पुलिस के समक्ष इस मामले की निष्पक्ष जांच की चुनौती खड़ी हो गई है। सोशल मीडिया पर सत्तारूढ़ भाजपा के दिग्गज नेता इस मामले को विपक्ष की साजिश करार दे रहे है जबकि बीजेपी के राष्टीय महासचिव दुष्यंत गौतम ने महिला द्वारा




जब एक महिला जो खुद को बीजेपी के निष्कासित नेता एवं पूर्व विधायक की पत्नी बताते हुए उसकी एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर जांच की मांग कर रही है। अभिनेत्री उर्मिला सनावर द्वारा अपने पति की कथित ऑडियो में अंकिता हत्याकांड से जुड़े कई रहस्यों का खुलासा भी किया है। यह मामला पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बना हुआ है जबकि लोगों में आक्रोश भी व्याप्त हो रहा है। अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच को लेकर हाईकोर्ट और फिर सुप्रीम कोट में दाखिल की गई याचिका खारिज हो गई थी। बताया जाता है कि अंकिता हत्याकांड में शामिल कथित वीआईपी की जांच सबूतों के वायरल किए ऑडियो को तथ्यहीन बताया और दुष्प्रचार करने वालों पर कार्यवाही की मांग की है। वहीं विपक्ष के नेताओं ने वीआईपी की सीबीआई जांच की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश में अंकिता हत्याकांड का मामला गरमाने के बाद अब अपर पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. वी. मुरुगेशन ने अंकिता भंडारी हत्याकांड से संबंधित सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे भ्रामक एवं तथ्यहीन विवादों के संबंध में स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं संवेदनशील घटना थी, जिसकी जानकारी सरकार को प्राप्त होते ही तत्काल प्रभावी कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा तत्काल एक वरिष्ठ महिला आईपीएस अधिकारी के नेतृत्व मैं एसआईटी का गठन किया गया। घटना में संलिप्त सभी अभियुक्तों को शीघ्र गिरफ्तार किया गया और यह सुनिश्चित किया गया कि प्रभावी पैरवी के माध्यम से अभियुक्तों को किसी भी स्तर पर जमानत न मिल सके। विवेचना एवं ट्रायल की प्रक्रिया के दौरान यह प्रकरण माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष भी प्रस्तुत हुआ, जहां सीबीआई जांच कराए जाने संबंध ी याचिका दायर की गई। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा एसआईटी जांच को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं विधिसम्मत मानते हुए सीबीआई जांच की आवश्यकता से इनकार किया गया और याचिका को खारिज कर दिया गया। इसके पश्चात यह मामला माननीय उच्चतम न्यायालय में भी प्रस्तुत किया गया। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भी विवेचना की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त करते हुए सीबीआई जांच की याचिका को निरस्त कर दिया गया। एसआईटी द्वारा की गई विस्तृत विवेचना के उपरांत निचली अदालत में सुनवाई हुई, जिसमें दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। वर्तमान में यह मामला माननीय उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। हाल ही में इस प्रकरण से संबंधित कुछ ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया पर प्रसारित किए जा रहे हैं। इस संबंध में पुलिस द्वारा दो प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की गई हैं, जिनकी विवेचना प्रचलित है। विवेचना के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर विधि सम्मत एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। एडीजी कानून एवं व्यवस्था ने स्पष्ट किया कि यदि किसी भी व्यक्ति के पास इस प्रकरण से संबंधित कोई तथ्य, साक्ष्य या महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध थी, तो उसे विवेचना के दौरान एसआईटी के समक्ष प्रस्तुत किया जा सकता था। यही एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य भी है। उस समय भी पुलिस द्वारा सार्वजनिक रूप से अपील की गई थी कि यदि किसी के पास इस प्रकरण से संबंधित कोई भी जानकारी, तथ्य अथवा साक्ष्य उपलब्ध हों, तो वे जांच एजेंसियों के साथ साझा करें। उन्होंने पुनः अपील करते हुए कहा कि वर्तमान में दर्ज प्रकरणों की विवेचना जारी है और यदि किसी भी व्यक्ति के पास इस संबंध में कोई प्रामाणिक जानकारी या साक्ष्य उपलब्ध हों, तो वे जांच एजेंसियों को उपलब्ध करा सकते हैं। डॉ. मुरुगेशन ने कहा कि यह प्रकरण अत्यंत गंभीर प्रकृति का है तथा राज्य सरकार की स्पष्ट मंशा है कि इसकी निष्पक्ष, पारदर्शी एवं पूर्ण जांच सुनिश्चित की जाए। सरकार और पुलिस प्रशासन की ओर से इस मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाएगी और कानून के अनुरूप कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### अभिनेत्री उर्मिला सनावर ने कहा : कॉल रिकॉर्ड ,मोबाइल और अन्य साक्ष्य उत्तराखंड पुलिस को सौंपने को तैयार

देहरादून। अभिनेत्री उर्मिला सनावर ने एक बार फिर सोशल मीडिया पर अपना एक वीडियो साझा किया है। अभिनेत्री उर्मिला सनावर ने अंकिता भंडारी हत्याकांड से जुड़े मामले में भाजपा के कुछ दिग्गज नेताओं के नाम का भंडाफोड़ होने के बाद वायरल पूर्व बीजेपी विधायक सुरेश राठौर की कथित ऑडियो क्लिप की जांच के लिए उत्तराखंड पुलिस को खुली चुनौती दी है। उर्मिला के अनुसार वह पुलिस का सहयोग करने के लिए हमेशा तैयार है। पुलिस उनके मोबाईल की जांच के लिए जब भी बुलाएगी वह पहुंच जायेगी। वह कॉल रिकॉर्ड ,मोबाइल और अन्य साक्ष्य को सौंपने को तैयार हैं । गौरतलब है कि



अभिनेत्री उर्मिला सनावर के रोजना सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहे हैं। हांलाकि एक वीडियो में अभिनेत्री उर्मिला सनावर ने आरोप लगाया कि उत्तराखंड की सरकार भाजपा नेताओं को बचाने का प्रयास कर रही है लेकिन उसे सीएम धाकड़ धामी पर पूर्ण विश्वास है । उनके सोशल मीडिया अकाउंट को भी बंद करा दिया गया है। उनके खिलाफ मुकदमों को लेकर जांच कमेटी बैठाई जा रही है और गिरफ्तार करने की कोशिश की जा रही है। लेकिन वह भगौड़ी नहीं है अपने बयानों पर कायम है। सुरेश राठौर ने जिन लोगों का नाम लिया है उनकी जांच होनी चाहिए ।उर्मिला ने कहा कि वह अंकिताको न्याय दिलाने के लिए पीछे नहीं हटेगी। बीजेपी के लोग उनके चरित्र पर तो सवाल उठा रहे लेकिन इस हत्याकांड में शामिल वीआईपी की जांच नहीं हो रही है। वहीं उर्मिला सनावर के बयान पर अंकिता भंडारी केस में वरिष्ठ अधिवक्ता रहे आशुतोष नेगी ने कहा है कि अभिनेत्री उर्मिला सनावर अंकिता भंडारी केस से संबंधित अपने बयान कॉल रिकॉर्ड मोबाइल और अन्य साक्ष्य को सौंपने को तैयार हैं और उत्तराखंड डीजीपी उक्त प्रक्रिया को त्वरित गति और पूर्ण ईमानदारी के साथ सम्पन्न करवाने की दिशा में कार्रवाई संपन्न करें। ये सारी प्रक्रिया स्व0अंकिता भंडारी के माता पिता की उपस्थिति में सम्पन्न की जाय जिससे साक्ष्यों को नष्ट या छेड़छाड़ करने की संभावना को समाप्त किया जा सके।

# देहरादून में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निकाला कैंडल मार्च

## प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने भाजपा सरकार पर बोला हमला, वीआईपी को बचाने का आरोप

देहरादून। अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर कांग्रेस में आक्रोश है। शनिवार सायं प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने देहरादून में प्रदर्शन किया और कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि अंकिता की हत्या केवल एक अपराध नहीं, बल्कि भाजपा की सत्ता-संरक्षित व्यवस्था द्वारा की गई न्याय की सुनियोजित हत्या है। यह शर्मनाक है कि एक बेटी की जान जाने के बाद भी भाजपा सरकार आरोपियों को बचाने में लगी रही। उन्होंने मामले में सीबीआई जांच की मांग की। उन्होंने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री और उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत गौतम और भाजपा विधायक रेणु बिष्ट की भूमिका पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं, लेकिन आज तक इनकी निष्पक्ष जांच तक नहीं कराई गई। आखिर भाजपा किससे और क्यों डर रही है? गोदियाल ने सवाल उठाया कि जब भाजपा के अपने ही लोग 'वीआईपी' संरक्षण की बात सार्वजनिक रूप से कह रहे हैं, तो फिर भाजपा सरकार सीबीआई जांच से क्यों भाग रही है? । गोदियाल ने दो टूक कहा कि दोषी चाहे कितना भी ताकतवर क्यों न हो, उसे कानून के कठघरे में खड़ा किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी तब तक चैन से नहीं बैठेगी जब तक अंकिता को पूर्ण न्याय नहीं मिल जाता। दुष्यंत गौतम और रेणु बिष्ट की तत्काल गिरफ्तारी हो। इस पूरे हत्याकांड की सर्वोच्च न्यायालय के सिटिंग न्यायाधीश की निगरानी में सीबीआई जांच कराई जाए। किसी भी वीआईपी, राजनीतिक दबाव या सत्ता संरक्षण को जांच से दूर रखा जाए। वहीं अल्मोड़ा में शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अंकिता के आरोपियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग को लेकर कैंडल मार्च निकाला। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शनिवार शाम को अंकिता के हत्यारों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए चौघानपाटा से शहीद स्थल तक कैंडल मार्च निकाला और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कैंडल मार्च के दौरान कार्यकर्ताओं ने अंकिता को श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अंकिता हत्याकांड ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है, लेकिन अब तक पीड़िता को न्याय नहीं मिल पाया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार



आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है और मामले में न्यायिक प्रक्रिया में देरी की जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक अंकिता को न्याय नहीं मिलता और दोषियों को सख्त सजा नहीं दी जाती, तब तक कांग्रेस का आंदोलन जारी रहेगा।

# स्थानीय सुशासन में महिला नेतृत्व को सशक्त बनाने के लिए चार दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

रुद्रपुर। स्थानीय सुशासन में महिला नेतृत्व को सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिला पंचायत सभागार में चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। यह कार्यशाला कुमाऊं मंडल के अल्मोड़ा, बागेश्वर और ऊधमसिंह नगर जनपदों की महिला ग्राम प्रधानों एवं ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों के लिए आयोजित की जा रही है। प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत शनिवार को हुई। कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए जिला पंचायतराज अधिकारी विद्या सिंह सोमनाल ने कहा कि महिला जनप्रतिनिधियों को उनके संवैधानिक अधिकारों और दायित्वों के प्रति जागरूक किया जाना बेहद आवश्यक है, ताकि वे पंचायतों के कार्यों का प्रभावी ढंग से संचालन कर सकें। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण महिलाओं के नेतृत्व विकास और सशक्तीकरण के साथ-साथ पंचायतों में प्रधान पतियों और परिवारजनों के हस्तक्षेप की प्रवृत्ति को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रधान के कार्यों में उनके परिवार के सदस्यों का हस्तक्षेप 73वें संविधान संशोधन की भावना के अनुरूप नहीं है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को यह समझाना है कि वे ग्राम सभा की बैठकों की अध्यक्षता किस प्रकार करें, पंचायत के निर्णयों में अपनी भूमिका कैसे निभाएं और पंचायत स्तर पर स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने में सक्षम बनें। साथ ही समाज में महिलाओं और पुरुषों के बीच बराबरी की भावना को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया।इस कार्यशाला में अल्मोड़ा जनपद से 22, बागेश्वर से 6 और ऊधमसिंह नगर से 14 महिला प्रतिनिधि भाग ले रही हैं। कुल 42 महिला मास्टर ट्रेनर्स को इस प्रशिक्षण में शामिल किया गया है। इन्हें राज्य स्तर पर प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद ये मास्टर ट्रेनर्स अपने-अपने जनपदों में महिला पंचायत प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण देंगी।





# जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक में डीएम ने जताई नाराजगी

## अपूर्ण कार्यों और जल संयोजन न देने पर अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिला जल एवं स्वच्छता मिशन नैनीताल की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी कैंप कार्यालय हल्द्वानी में जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कालाढुंगी विधायक बंशीधर भगत और लालकुआं विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने भी प्रतिभाग किया। बैठक का संचालन करते हुए नोडल अधिकारी जल जीवन मिशन नैनीताल विशाल सक्सेना ने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत 152 कार्य बजट उपलब्ध न होने के कारण अभी तक अपूर्ण हैं। उन्होंने जानकारी दी कि ग्रामीण पाइपलाइन पेयजल योजनाओं की एकल और बहुल ग्रामीण योजनाओं की पहचान संख्या शीघ्र बनाई जानी है, जिसके लिए राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन देहरादून और जिला जल एवं स्वच्छता मिशन नैनीताल द्वारा तिथियां निर्धारित की जा चुकी हैं। बैठक में वन विभाग से संबंधित मामलों को लेकर देवला तल्ला पजाया और देवला मल्ला पजाया तथा बागजाला पेयजल योजना की स्थिति की समीक्षा की गई। इस दौरान पेयजल योजनाओं के अंतर्गत खोदी गई सड़कों को लेकर शीघ्र बैठक कर समाधान निकालने के निर्देश दिए गए। लालकुआं विधायक ने बैठक में कहा कि कई ग्रामीण सड़कों पर



डामरीकरण का कार्य अभी अधूरा है, जिसे शीघ्र पूरा किया जाना चाहिए। इस पर नोडल अधिकारी ने अवगत कराया कि बजट के अभाव में लोक निर्माण विभाग द्वारा वर्तमान में डामरीकरण का कार्य नहीं किया जा रहा है और बजट उपलब्ध होते ही शेष कार्य पूरे कर लिए जाएंगे। कालाढुंगी विधायक ने कहा कि पेयजल विभाग द्वारा योजनाएं तो संचालित की गई हैं, लेकिन कई स्थानों पर अभी तक पूर्ण जल संयोजन नहीं दिए गए हैं। हल्द्वानी विकासखंड के देवलचौड़, हरीपुर नायक, ईसानगर, पनियाली, भीमताल के रसोल, खेरोला पांडे, गंगरेटी, ओखलाकाडा के आम, हरीशताल, चमोली, गंजा, साल, मठेला, रामगढ़ के बसगांव तथा धारी क्षेत्र के बबियाड, च्यूरीगार और दुधली सहित कई गांवों में जल संयोजन न मिलने की शिकायत सामने आई। इस पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि केवल पाइपलाइन बिछाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका सफल संचालन और घर-घर जल पहुंचाना ज्यादा जरूरी है। उन्होंने निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल विभाग एक ठोस कार्य योजना तैयार कर पेयजल से वंचित बस्तियों को प्राथमिकता के आधार पर जलापूर्ति सुनिश्चित करे। साथ ही सभी प्राथमिक विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, पंचायत भवनों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में समयबद्ध तरीके से पेयजल कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारी को यह भी निर्देश दिए कि एक सप्ताह के भीतर लोक निर्माण विभाग के साथ समन्वय कर खोदी गई सभी सड़कों पर डामरीकरण से संबंधित निस्तारण के लिए पुन: बैठक आयोजित कर ठोस कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी सहित संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# एक और अवैध मजार पर चला धामी सरकार का बुल्डोजर

देहरादून(उद संवाददाता)। राजधानी देहरादून में बीती रात एक और अवैध मजार धामी सरकार के बुलडोजर ने ध्वस्त कर दिया,कारवाई से दो हफ्ते पहले दून प्रशासन ने यहां नोटिस चस्पा किया हुआ था जिसमें सरकारी भूमि पर इस संरचना के निर्माण संबंधी दस्तावेज दिखाए जाने को कहा गया था। देहरादून डीएम के निर्देश पर प्रशासन ने अवैध मजारों पर कारवाई जारी रखते हुए शास्त्री नगर अजबपुर कालन क्षेत्र में रोड किनारे अवैध रूप से बनी मजार को हटा दिया। जानकारी के मुताबिक नगर मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह और एसडीएम हरि गिरी के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने अवैध मजार को बुलडोजर से ध्वस्त कर उसका मलबा उठवा कर भिजवा दिया। उक्त संरचना के नीचे कोई भी किसी भी प्रकार के अवशेष



नहीं मिले। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि अवैध संरचना को हटाने से पहले यहां नोटिस चस्पा किया गया था। कोई जवाब नहीं मिलने पर इसे हटा दिया गया। एसएसपी अजेय सिंह ने बताया कि अवैध संरचना को हटाने से पूर्व क्षेत्र को सुरक्षा की दृष्टि से सील कर दिया गया था। करीब एक घंटे तक चली इस कारवाई में किसी तरह का विरोध नहीं हुआ। धामी सरकार अभी तक ऐसी 571 अवैध मजारों को रास्ते से हटा चुकी ही जोकि सरकारी भूमि पर कब्जे करके बनाई गई थी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बार बार ये कहते रहे है कि सरकारी भूमि पर कब्जे कर बनाई गई अवैध संरचनाओं को हटाया जाएगा,बेहतर होगा कि लोग इसे खुद हटा ले। देवभूमि में नीली हरी चादर डाल कर जमीन को कब्जाने का खेल नहीं चलने दिया जायेगा।

# गदरपुर में खंड/ग्राम स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

गदरपुर(उद संवाददाता)। माइ भारत उधम सिंह नगर विकासखंड गदरपुर की राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक तनीशा चावला के नेतृत्व में एस.एस. पब्लिक स्कूल गदरपुर में खंड स्तरीय/ग्राम स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रेमा विश्वास ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया। इस अवसर पर सभी खिलाड़ियों द्वारा सामूहिक राष्ट्रगान गाया गया।राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक तनीशा चावला ने मुख्य अतिथि प्रेमा विश्वास को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। प्रेमा विश्वास ने अपने विचार, अनुभव और उपलब्धियां साझा करते हुए युवाओं का उत्साहवर्धन किया। तनीशा चावला ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में खेल संस्कृति एवं खेल भावना को बढ़ावा देना तथा ऐसे ग्रामीण खेलों को प्रोत्साहित करना है, जिनमें न्यूनतम संसाधनों की आवश्यकता होती है। पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक मुस्कान चावला ने भी युवाओं को जीवन



में खेलों के महत्व के प्रति प्रेरित किया।प्रतियोगिता में टीम एवं व्यक्तिगत दोनों श्रेणियों में मुकाबले हुए। टीम प्रतिस्पर्धा में बालक वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में एस.एस. पब्लिक स्कूल गदरपुर की टीम विजेता तथा सकैनिया स्टेडियम की टीम उपविजेता रही। बालिका वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में सकैनिया स्टेडियम की टीम विजेता और सेंट मैरी स्कूल गदरपुर की टीम उपविजेता बनी।व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धा में बालक वर्ग की 400 मीटर दौड़ में दिव्यांश प्रथम, यशवर्धन द्वितीय एवं दीपक तृतीय रहे। बालिका वर्ग की 200 मीटर दौड़ में अनुप्रिया प्रथम, जानवी द्वितीय एवं शगुन तृतीय स्थान पर रहीं। बालक वर्ग की लंबी कूद में भारत प्रथम, प्रज्वल द्वितीय एवं वरुण तृतीय रहे, जबकि बालिका वर्ग की लंबी कूद में जानवी प्रथम, मान्यता द्वितीय एवं मानसी तृतीय स्थान पर रहीं।पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अरविंद पांडे उपस्थित रहे। तनीशा चावला ने उनका पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। विधायक अरविंद पांडे ने विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया तथा युवाओं को सकारात्मक सोच, एकाग्रता, मानसिक दृढ़ता और नियमित अभ्यास का महत्व बताया।प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका कोच संदीप एवं शालिनी ने निभाई। कार्यक्रम में किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुरजीत सिंह सहित राजेश सक्सेना, राजकुमार चावला, रवि पाल, बृजेश दुबे, हनी एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# नवनियुक्त जिला अध्यक्ष बिट्टू चौहान का किया जोरदार स्वागत

किच्छा। भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष बिट्टू चौहान का प्रथम बार नगर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक दीप सिंह के बाईपास स्थित कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष बिट्टू चौहान का फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत करते हुए मनोनयन की बधाई दी और प्रदेश नेतृत्व का आभार




जताया।आयोजित कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष बिट्टू चौहान ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी के लिए समर्पित, कर्मठ व निष्ठावान कार्यकर्ताओं व युवाओं को आगे बढ़ने का मौका दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर भाजपा की नीतियों एवं केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने में अपनी भागीदारी निभाएं। स्वागत कार्यक्रम में महिला नेत्री शैली फुटेला, प्रेमलता चौहान, युवा मोर्चा जिला मंत्री विशाल चौहान, कमलेंद्र सेमवाल, विनोद फुटेला सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# किच्छा चीनी मिल ने किया 9.47 करोड़ रूपये का भुगतान

किच्छा। किच्छा चीनी मिल ने गन्ना किसानों से क्रय किए गए गन्ने का 9 करोड़ 47 लाख 75 हजार 511 रुपए का भुगतान कर दिया है। चीनी मिला प्रशासन ने 7 दिसंबर से 13 दिसंबर तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान करते हुए संबंधित गन्ना समितियों को धनराशि ट्रांसफर कर दी है। उक्त जानकारी देते हुए चीनी मिल के अधिशासी निदेशक ए.पी. बाजपेई ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं गन्ना मंत्री सौरभ बहुगुणा द्वारा किसानों को शीघ्र गन्ना भुगतान किए जाने के संबंध में निर्देश दिए गए हैं। बताया कि निर्देशों के क्रम में किच्छा चीनी मिल द्वारा 7 दिसंबर से 13 दिसंबर तक एक सप्ताह के भीतर खरीदे गए गन्ने का भुगतान गन्ना समितियों को करते हुए किसानों के बैंक खाते में गन्ना भुगतान जल्द हस्तांतरित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सहकारी गन्ना विकास समिति किच्छा को 7,09,09,860 रुपए, सहकारी गन्ना विकास समिति हल्द्वानी को 1,07,37,119 रुपए, सहकारी गन्ना विकास समिति पंतनगर को 69,97,664 रुपए सहकारी गन्ना विकास समिति सितारगंज को 61,30,868 रुपए का कुल भुगतान कर दिया गया है। अधिशासी निदेशक बाजपेई ने बताया कि 16 नवंबर को शुरू हुए पेराई सत्र से 13 दिसंबर 2025 तक किसानों से खरीदे गए गन्ने का कुल भुगतान 33.68 करोड रुपए का गन्ना समितियों के माध्यम से किसानों को किया जा चुका है। बताया कि इसके अतिरिक्त किच्छा चीनी मिल द्वारा अभी तक कुल 12.08 लाख कुंतल गन्ने की पेराई कर 9.54 प्रतिशत टू-डेट चीनी परता प्राप्त करते हुए कुल 1 लाख 11हजार 660 कुंतल चीनी का उत्पादन किया गया है। उन्होंने सभी गन्ना किसानों से आग्रह करते हुए कहा कि सभी किसान जड़, अगोला, पत्ती रहित ताजा एवं साफ सुथरा गन्ना चीनी मिल को आपूर्ति करें, ताकि चीनी मिल द्वारा अच्छा चीनी परता प्राप्त करने के साथ ही अच्छी गुणवत्ता की चीनी का उत्पादन किया जा सके।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

# किंग्सफोर्ड काशीपुर ने रिबेल स्टार बाजपुर टीम को 141 रन से हराया

किच्छा (उद संवाददाता)।क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के तत्वाधान में सीनियर पुरुष वर्ग की जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता के दूसरे दिन एमिनिटी स्पोर्ट्स ग्राउंड पर किंगसफोर्ट क्रिकेट अकादमी और रिबेल स्टार क्रिकेट अकादमी बाजपुर के मध्य खेला गया।किंग्सफोर्ट क्रिकेट अकैडमी काशीपुर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। और 25 ओवरो में 205 रन पर 8 विकेट के नुकसान पर बनाये ।जिसमे जतिन ने 61 और संजय सिंह ने 50 रनों का योगदान दिया। रिबेल क्रिकेट अकादमी की तरफ से विनय ने 2, जुनैद ने 2, सूरज ने 2 विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रिबेल क्रिकेट अकादमी 64 रन पर ऑल आउट हो गई। किंग्सफोर्ड क्रिकेट अकैडमी काशीपुर ने यह मैच 141 रनों से जीता जिसमें प्रगट सिंह ने 4 विकेट और



मोहम्मद फैज ने 2 विकेट ,आर्यन चौधरी, अजेंद्र प्रताप सिंह प्रतीक नारंग दिवाकर ने एक-एक विकेट लिए।मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रगट सिंह को दिया गया । मैच के अंपायर राजेंद्र सिंह और जेपी सिंह रहे। इस अवसर पर बलवंत सिंह ,गौरव तिवारी ,आफताब आलम ,सुनील यादव ,इंद्र नीलकर,और तमाम खेल प्रेमी उपस्थित रहे । आयोजक समिति ने बताया कि कल एमिनिटि स्पोर्ट्स ग्राउंड पर जीपीएस रेलवे काशीपुर और सुबह 9:00 बजे से मैच खेला जाएगा व दूसरा मैच एमिनिटी न्यू ग्राउंड पर जीपीएस स्कूल व चंडी क्रिकेट क्लब के बीच,9:00 मैच खेला जाएगा।

# शहीद ऊधम सिंह कप ओपन कराटे प्रतियोगिता संपन्न

रुद्रपुर। अमर शहीद सरदार ऊधम सिंह की जयंती के अवसर पर कराटे एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर के तत्वाधान में श्री मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में 7वीं शहीद ऊधम सिंह कप ओपन कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट एवं विशिष्ट अतिथि महापौर विकास शर्मा, सुरेश कोली, विवेक सक्सेना सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने शहीद ऊधम सिंह को पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में जिले के खटीमा, नानकमता, सितारगंज, रुद्रपुर, गदरपुर, बाजपुर और काशीपुर से लगभग 285 कराटे खिलाड़ी शामिल हुए। मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट ने सभी खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए उत्साहित किया और शहीद ऊधम सिंह के जीवन के त्याग और बलिदान को याद दिलाते हुए देशहित



में समर्पित रहने का संदेश दिया। विशिष्ट अतिथि महापौर विकास शर्मा ने खिलाड़ियों और जिला संघ को प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर बधाई दी।प्रतियोगिता में मेजबान रुद्रपुर टीम ने 27 स्वर्ण पदक के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। खटीमा ने 19 स्वर्ण पदक अर्जित कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि काशीपुर ने 12 स्वर्ण पदक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। सभी विजेताओं को कराटे एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर एवं अन्य गणमान्य लोगों द्वारा पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में मिंटू सैनी, कृष्णकांत कौशल, नैन्सी, नीलम मेहरा, सिमरनजीत कौर, संतोष कुमार बिष्ट, आशीष कुमार, राजवीर सिंह, रिया, प्रांजल गिरी ने निर्णायक के रूप में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके अतिरिक्त, जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की, वॉलीबॉल कोच गुरतेज सिंह, क्रिकेट कोच नवनीत राव, हॉकी कोच मोहित रावत, ताइक्वांडो कोच मोहम्मद आमिर और अन्य खेल विभाग के कोचों ने सचिव लक्ष्मण सिंह एवं एसोसिएशन के सभी सदस्यों को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।

# राज्य के 191 कॉमन सर्विस सेन्टर में श्रमिकों की सहायता के लिए विशेष व्यवस्था का हुआ शुभारंभ

## सीएम धामी ने विभिन्न योजनाओं के 4224 श्रमिकों को हस्तान्तरित की 12 करोड़ 89 लाख 85 हजार की धनराशि

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए उत्तराखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के 4224 लाभार्थी श्रमिकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से 12 करोड़ 89 लाख 85 हजार की धनराशि हस्तान्तरित की। मुख्यमंत्री ने राज्य के 191 कॉमन सर्विस सेन्टर में श्रमिकों की सहायता के लिए विशेष व्यवस्था का भी शुभारंभ किया, जिससे श्रमिकों को योजनाओं से संबंधित जानकारी, पंजीकरण तथा अन्य सेवाएं सुगमता से उपलब्ध हो सकेंगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा श्रमिकों की हर समस्या का निस्तारण किया जा रहा है। श्रमिकों एवं उनके आश्रितों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिनके माध्यम से उन्हें आर्थिक सुरक्षा, सामाजिक संरक्षण तथा सम्मानजनक जीवन प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार द्वारा श्रमिकों एवं उनके आश्रितों की आजीविका के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाकर उनके



कौशल विकास से भी जोड़ने का कार्य भी किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रमिक हमारे राज्य के विकास की सबसे मजबूत नींव हैं। बुनियादी ढांचे के निर्माण में श्रमिकों का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने कहा राज्य सरकार का दायित्व है कि जो लोग प्रदेश के विकास में अपनी अहम भूमिका निभाते हैं उनका एवं उनके परिजनों का भविष्य भी सुरक्षित हो। उन्होंने कहा राज्य के 191 कॉमन सर्विस सेंटरों में श्रमिकों के लिए शुरू की गई विशेष व्यवस्था से अब उन्हें सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। साथ ही ब्लॉक तहसील एवं गांव स्तर में ही सीएससी के माध्यम से श्रमिकों को पंजीकरण, नवीनीकरण और योजनाओं से जुड़ी हर सहायता एक ही स्थान पर मिलेगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्मकार बोर्ड द्वारा अब तक 51 करोड़ रुपये की धनराशि विगत 06 माह में श्रमिकों एवं उनके परिजनों के खातों में हस्तान्तरित की जा चुकी है। पूर्व में कर्मकार बोर्ड द्वारा श्रमिकों के पंजीकरण / नवीनीकरण तथा लाभ के आवेदन हेतु विकासखण्ड स्तर पर व्यवस्था का शुभारम्भ भी किया जा चुका है। श्रम आयुक्त श्री पी.सी. दुम्का ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री धामी के नेतृत्व में बोर्ड द्वारा निरंतर श्रमिकों के हित में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया मुख्यमंत्री द्वारा 4224 लाभार्थी श्रमिकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से 12 करोड़ 89 लाख 85 हजार की धनराशि हस्तान्तरित की गई है। उन्होंने कहा भविष्य में भी बोर्ड द्वारा मुख्यमंत्री के विजन सरलीकरण समाधान निस्तारण और संतुष्टि के अनुसार ही कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष राज्य संविदा श्रम सलाहकार बोर्ड कैलाश पंत, उप श्रम आयुक्त विपिन कुमार, सहायक श्रम आयुक्त धर्मराज, आई0टी0 एक्सपर्ट श्रीमती दुर्गा चमोली एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# राज्यपाल ने प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा श्री हरकिशन साहिब में की अरदास

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर पटेल नगर, देहरादून स्थित गुरुद्वारा श्री हरकिशन साहिब जी में मत्था टेककर देश-प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए अरदास की। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रेरणादायी जीवन, उनका समर्पण और त्याग हमें सत्य, न्याय, समानता और मानवता की सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी ने अपने आदर्शों और शिक्षाओं के माध्यम



से पूरे विश्व को प्रेम, समानता और सेवा का संदेश दिया। राज्यपाल ने कहा कि दशम गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश पर्व आस्था, धर्म और मानव मूल्यों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि गुरवाणी और श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के पावन शब्द हमें निरंतर जीवन में कर्म, प्रेम, सेवा, समर्पण और सतगुरु के प्रति पूर्ण निष्ठा का भाव सिखाते हैं। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रथम शब्द 'एक ओंकार' सम्पूर्ण मानवता को एकता और समरसता का संदेश देता है। राज्यपाल ने कहा कि 'सरबत दा भला' और निस्वार्थ सेवा का जो संदेश हमें गुरुओं से मिला है, उसे पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ अपनाना और विश्वभर में फैलाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# विशिष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्य सेवक सदन देहरादून में बिजनेस उत्तरायणी संस्था द्वारा आयोजित मंथन -2025: 5जी नेशनल लीडर्स समिट (वोमेन्स स्पेशल)कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्टार्टअप, आत्मनिर्भरता एवं अन्य क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह समिट महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। महिलाओं ने अपनी प्रतिभा, परिश्रम और नवाचार के बल पर अपने परिवार समाज और प्रदेश को आगे बढ़ाया है। महिलाएं राज्य की आर्थिक और सामाजिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नारी तू नारायणी के मंत्र के साथ मातृशक्ति के कल्याण एवं सशक्तिकरण के लिए संकल्पित होकर निरंतर कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण, बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ अभियान, उज्वला योजना, जन धन योजना, लखपति दीदी योजना को लागू एवं ट्रिपल तलाक जैसी कुप्रथा को समाप्त किया गया है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नए भारत की नारीशक्ति प्रत्येक क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही है। महिलाएं उद्योग, कला , शिक्षा, विज्ञान तक, खेल, अनुसंधान, सेना जैसे अनेकों क्षेत्रों में पहचान बना रही हैं मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार भी मातृशक्ति के कल्याण के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्यमिता, स्वरोजगार जैसे क्षेत्रों में महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। राज्य सरकार ने उत्तराखंड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, सशक्त बहना उत्सव योजना और मुख्यमंत्री महिला स्वयं सहायता समूह सशक्तिकरण योजना के माध्यम से राज्य की मातृशक्ति को नए अवसर प्रदान करने का काम भी किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना के अंतर्गत महिला समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को एक ब्रांड के रूप में विकसित करने का काम भी किया है। 15 हजार से अधिक महिला उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों और लखपति दीदियों को इन्क्यूबेशन की सुविधा भी प्रदान कर रहे हैं। राज्य में हाउस ऑफ हिमालयाज नाम से अम्ब्रेला ब्रांड की शुरुआत भी की गई है। जिसके अंतर्गत हम उच्च-गुणवत्ता वाले उत्पादों को विभिन्न ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स और इनहाउस स्टोर्स के माध्यम से लोगों तक पहुंचा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में लगभग 70 हजार स्वयं सहायता समूह बनाकर लगभग 5 लाख महिलाएँ संगठित होकर अपना व्यवसाय कर रही हैं। 7 हजार से अधिक ग्राम्य संगठन और 500 से अधिक क्लस्टर संगठनों के माध्यम से राज्य की महिलाएँ सामूहिक नेतृत्व की एक अद्वितीय मिसाल भी पेश कर रही हैं।राज्य की 1 लाख 68 हजार से अधिक बहनों ने लखपति दीदी बनकर महिला सशक्तिकरण की दिशा में नया इतिहास रचा है। प्रदेश की मातृशक्ति द्वारा किए जा रहे कार्य को देखते हुए राज्य सरकार, राज्य में उत्पादों की प्रोसेसिंग, पैकेजिंग और बिक्री के लिए एक सशक्त इकोसिस्टम विकसित करने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा प्रदेश की महिलाएँ स्टार्टअप के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल कर रही हैं। नारी शक्ति द्वारा स्थापित स्टार्टअप आज पारंपरिक कला, कृषि-उत्पादों, शिक्षा, डिजिटल और टेक्नोलॉजी जैसे विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा उत्तराखंड को ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में एचीवर्स की श्रेणी मिली है। वहीं स्टार्टअप रैंकिंग में भी लीडर्स की श्रेणी प्राप्त हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य में महिलाओं के लिए सरकारी सेवाओं में 30 प्रतिशत आरक्षण लागू किया गया है। महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा हेतु राज्य में सर्वप्रथम समान नागरिक संहिता को लागू करने का ऐतिहासिक कार्य भी किया है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष राज्य स्तरीय महिला उद्यमिता परिषद श्रीमती विनोद उनियाल, वीरेंद्र सेमवाल, गंगा बिष्ट, कर्नल डी.पी. डिमरी ( से नि) , श्रीमती मधु भट्ट, श्रीमती गीता खन्ना, नीरज एवं अन्य लोग मौजूद रहे।



# मिरन राय को मुम्बई में मिला मोहम्मद रफी यंग म्यूजिशियन अवार्ड

## लोक रचना समिति के मंच से निकली प्रतिभा ने किया क्षेत्र का नाम रोशन

रूद्रपुर। लोक रचना समिति की ओर से आयोजित गायन प्रतियोगिताओं के मंच से उभरकर क्षेत्र और जिले का नाम रोशन करने वाले युवा गायक मिरन राय को मुम्बई में बड़े सम्मान से नवाजा गया है। उन्हें प्रतिष्ठित मोहम्मद रफी यंग म्यूजिशियन अवार्ड से सम्मानित किया गया।शनमुखानंद ऑडिटोरियम, मुम्बई में आयोजित भव्य कार्यक्रम में शनमुखानंद फाइन आर्ट्स एंड संगीत सभा की ओर से युवा प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। मिरन राय को इस अवसर पर न केवल अवार्ड से नवाजा गया, बल्कि उन्हें रफी साहब की यादगार स्मृतियों और अन्य विशेष पुरस्कारों के साथ ढाई लाख रुपये की नगद राशि भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में मोहम्मद रफी के परिवारजन, संगीत जगत की कई गणमान्य हस्तियां और श्रोतागण उपस्थित थे, जिन्होंने इस उपलब्धि को गौरवपूर्ण अंदाज में सराहा।मिरन राय, जो दिनेशपुर क्षेत्र के ग्राम रामबाग के निवासी हैं और स्व. मृणाल राय के सुपुत्र हैं, ने इस पुरस्कार के माध्यम से न केवल अपनी प्रतिभा




को मान्यता दिलाई है, बल्कि पूरे क्षेत्र और समाज का नाम भी रोशन किया है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उनके लिए प्रेरणा का स्रोत है और वे आगे भी संगीत के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने का प्रयास करेंगे।उनकी इस उपलब्धि पर लोक रचना समिति के अध्यक्ष केवल कृष्ण बतरा, मनोज खेड़ा, विकास बत्रा, सुभाष अरोरा, परमपाल सुखीजा, जगदीश चंद्र, चेतन बतरा, मोहित बतरा सहित शहर के तमाम वरिष्ठ और सम्मानित नागरिकों ने मिरन राय को बधाई दी और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।लोक रचना समिति के अध्यक्ष केवल कृष्ण बतरा ने बताया कि लोक रचना समिति के मंच से निकली कई प्रतिभाएं पहले भी संगीत की दुनिया में नाम रोशन कर चुकी हैं अब मिरन राय ने लोक रचना समिति का नाम उंचा किया है। उन्होंने कहा कि मिरन राय की सफलता से स्थानीय युवा संगीत प्रेमियों में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार होगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आने वाले वर्षों में मिरन राय देश और प्रदेश का नाम और भी ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

# अवैध शराब सहित एक दबोचा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पुलिस ने मोदी ग्राउंड क्षेत्र में छापेमारी कर अवैध शराब की बड़ी खेप बरामद की है। पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि मोदी ग्राउंड के किनारे एक व्यक्ति शराब बेच रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची और एक व्यक्ति को दाहिने हाथ में कट्टा लिए खड़ा पाया। पुलिस ने उसे भागने का मौका दिए बिना पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम संजीव, पुत्र राम सेवक, निवासी शिवनगर वार्ड नंबर 8, श्मशान घाट रोड, थाना ट्रांजिट कैंप, उधम सिंह नगर बताया। पुलिस ने उसके पास मौजूद प्लास्टिक के कट्टे की जांच की। उसमें शराब के 51 पाउच पाए गए, जिनमें से 47 पाउच भरे हुए थे और 4 खाली। पुलिस ने अभियुक्त संजीव को उसके अपराध से अवगत कराते हुए धारा 60(1) आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर लिया।

SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता

डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

# सम्मेलन में रिवर्स पलायन से ग्राम विकास पर मंथन

## शहर छोड़ गांव लौटे युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने पर जोर, आयोग ने बताया नई ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार



हल्द्वानी। उत्तराखंड के गांवों में स्वरोजगार को बढ़ावा देने और शहरों से वापस गांव लौट रहे युवाओं के प्रयासों को दिशा देने के उद्देश्य से ग्राम्य विकास एवं पलायन निवारण आयोग की ओर से प्रसार प्रशिक्षण केंद्र, हल्द्वानी में रिवर्स पलायन से ग्राम विकास सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में उन युवाओं और परिवारों को केंद्र में रखा गया, जिन्होंने महानगरों की नौकरी और सुविधाएं छोड़कर अपने गांवों में आजीविका के नए अवसर खड़े किए हैं।सम्मेलन को संबोधित करते हुए आयोग के उपाध्यक्ष एसएस नेगी ने कहा कि गांव लौटे युवा प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के नए विकास इंजन हैं। उन्होंने कहा कि आयोग इन युवाओं को आधुनिक मशीनें, उन्नत तकनीक और उनके उत्पादों को बड़े बाजारों तक पहुंचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, ताकि गांवों में ही स्थायी रोजगार के अवसर पैदा हो सकें।आयोग के सदस्य राम प्रकाश पैन्यूली ने कहा कि रिवर्स पलायन केवल घर वापसी नहीं, बल्कि उत्तराखंड के आत्मसम्मान की वापसी है। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद गांव लौटे लोग जिस तरह नवाचार कर रहे हैं, वह सराहनीय है। आयोग का प्रयास है कि इन प्रवासियों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाया जाए और गांवों में सम्मानजनक आजीविका का माहौल तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की संस्कृति और खेती ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है।सदस्य सचिव भरत भट्ट ने कहा कि अब नीतियां धरातल पर काम कर रहे प्रवासियों के अनुभवों के आधार पर बनाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि वास्तविक चुनौतियों को समझकर ही प्रभावी योजनाएं तैयार की जा सकती हैं और यही आगे की रणनीति का आधार होगा।प्रसार प्रशिक्षण केंद्र की प्राचार्य पूनम कांडपाल ने कहा कि हुनर विकास ही प्रगति की कुंजी है। उन्होंने बताया कि केंद्र द्वारा प्रवासियों को खेती के साथ-साथ व्यावसायिक प्रबंधन और आधुनिक तकनीक का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे उनके उद्यम व्यावसायिक रूप से सफल हो सकें।जिला विकास अधिकारी नैनीताल गजपाल चंदानी ने प्रशासनिक स्तर पर आने वाली बाधाओं को दूर करने का भरोसा दिलाया, जबकि शोध अधिकारी ने बताया कि सफल रिवर्स पलायन के उदाहरणों का दस्तावेजीकरण किया जा रहा है, ताकि उन्हें पूरे प्रदेश में मॉडल के रूप में लागू किया जा सके।सम्मेलन के दौरान प्रवासियों ने मशरूम उत्पादन, शहद उत्पादन, होमस्टे संचालन और जैविक खेती के माध्यम से आजीविका के सफल प्रयोग साझा किए। चर्चा के बाद इस बात पर सहमति बनी कि सफल मॉडलों का अन्य क्षेत्रों में विस्तार किया जाए, पहाड़ी उत्पादों को बेहतर पैकेजिंग और डिजिटल माध्यमों से बाजार से जोड़ा जाए तथा जिला और ग्राम स्तर पर निरंतर संवाद के लिए मंच विकसित किए जाएं।सम्मेलन में आयोग के सदस्य सुरेश सुयाल, अनिल साही सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में रिवर्स प्रवासी उपस्थित रहे।

## बजाज ट्रेडर्स ने पाया प्रथम स्थान



किच्छा)। कोका-कोला के तत्वाधान में आयोजित हुए बिजनेस पार्टनर्स मीट 2026 में सभी डिस्ट्रीब्यूटर्स को पछाड़ते हुए किच्छा के बजाज ट्रेडर्स ने प्रथम विजेता के तौर पर बाजी मार ली। बरेली में आयोजित कार्यक्रम में बजाज ट्रेडर्स के प्रथम विजेता होने की घोषणा कर फर्म स्वामी को सम्मानित किया गया। फर्म स्वामी कमल बजाज को सेल्स एंड मार्केटिंग प्रभारी सुनील घई ने प्रथम पुरस्कार के रूप में चमचमाती पल्सर बाइक की चाबी सौंपते हुए सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। नगर के युवा व्यापारी कमल बजाज ने बताया कि उत्तराखंड के तमाम शहरों से करीब 80 से अधिक डिस्ट्रीब्यूटर्स ने कार्यक्रम में शिरकत की थी। वर्ष 2025 लास्ट क्वार्टर में सर्वाधिक व्यापार करने पर उत्तराखंड के डिस्ट्रीब्यूटर बजाज ट्रेडर्स ने इस उपलब्धि को हासिल कर प्रथम स्थान पाया।

## महिलाओं को झांसे में लेकर गहने चुराने वाला शातिर गिरफ्तार



रूद्रपुर/खटीमा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के निर्देशों पर जनपद उधमसिंहनगर में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली खटीमा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। महिलाओं को बहला-फुसलाकर उनके कीमती गहने चोरी करने वाले एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की रकम बरामद की है। खटीमा थाना क्षेत्र में दर्ज मुकदमा धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अज्ञात के खिलाफ दर्ज मामले की विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसके साथ ही सुरागरसी और पतारसी के आधार पर अभियुक्त की पहचान सुनिश्चित की गई।पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त खालिद, निवासी ठंडानाला गुलरभोज, थाना गदरपुर, जनपद उधमसिंहनगर को गदरपुर क्षेत्र के ठंडानाला गुलरभोज से गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने महिलाओं को धोखे में लेकर गहने चोरी करने की बात स्वीकार की।गिरफ्तारी के समय अभियुक्त के कब्जे से चोरी किए गए गहनों को बेचकर प्राप्त 1 लाख 20 हजार रुपये नकद बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार अभियुक्त को नियमानुसार न्यायालय में पेश किया जा रहा है।इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र शाह के नेतृत्व में वरिष्ठ उप निरीक्षक ललित मोहन रावल, उप निरीक्षक विकास कुमार, कांस्टेबल पूरन सिंह और कांस्टेबल मोहम्मद मोहसिन शामिल रहे।

## शिविर में फैक्ट्री कर्मियों का हुआ हेल्थ चेकअप



रुद्रपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के दिशानिर्देश पर सिडकुल स्थित एक निजी कंपनी में निशुल्क स्वास्थ्य कैम्प लगाया गया। जिसमें कंपनी के सैकड़ों कर्मचारियों व अधिकारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया। स्वास्थ्य कैम्प में विभाग के विशेषज्ञ तथा जानकारों द्वारा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जानकारी ली गयी तथा उनको उचित स्वास्थ्य परामर्श दिया गया। जिसमें महिला कर्मचारियों हेतु मेमोग्राफी सहित सभी स्वास्थ्य जाँचे निशुल्क की गई। टीबी स्क्रीनिंग के अंतर्गत बजाज ऑटो के सभी कर्मचारियों लाभार्थियों की टीबी स्क्रीनिंग के लिए सभी की काउंसलिंग की गयी। जिसमें लाभार्थियों की हैल्थ हिस्ट्री ली गयी ।सभी लाभार्थियों का एक्सरे तथा नाट किया गया। स्वास्थ्य स्क्रीनिंग हेतु सभी लाभार्थियों का एच आई वी- वीडी आरएल, हेपाटाइटिस बी और सी, एस टी आई,एन सी डी के अंतर्गत बीपी, शुगर, ओरल कैंसर, छाती कैन्सर की स्क्रीनिंग मानसिक स्वास्थ्य, तम्बाकु, एवं नशे का परामर्श दिया गया। साथ ही तम्बाकू उन्मुलन के लिए निकोटेक्स वितरित किया गया।शिविर में उपस्थित कर्मचारियों एवं लाभार्थियों की स्वास्थ्य जाँच के तहत डॉ शशांक बंसल ऑन्कोलॉजिस्ट द्वारा मेमोग्राफी जांच - 54, टीबी स्क्रीनिंग-512 बी.पी. हाइपर टेंशन सहित-512 , शुगर-512, हेपेटाइटिस बी एवं सी-439, टी.बी. की स्क्रीनिंग हेतु एक्स-रे-512, एचआईवी तथा वी.डी. आर.एल. एस टी आई सहित-501, जाँच की सेवाएँ प्रदान की गईं। शिविर का संचालन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. के के अग्रवाल तथा जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ हरेंद्र मलिक के मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों की टीम द्वारा किया गया। टीम में डॉ संजय पांडेय, डॉ. प्रिया, डॉ. जयंतनन्दन, डॉ. बिपिन चन्द्रा सहित सीएचओ की टीम, एन टी ई पी स्क्रीनिंग हेतु नवल किशोर एवं टीम, एन सी डी हेतु उमेश पाल एवं उनकी टीम, तथा बजाज की तरफ से संजय गुप्ता, अरुण टोंक, डॉ. अग्निवेश, आराधना, विपिन सहित समस्त कर्मचारी रहें।स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से श्रमिक वर्ग में रोगों की समय पर पहचान, उपचार हेतु रेफरल तथा जन जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। जिससे कार्यस्थल पर स्वस्थ एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

## सोनिया अरोरा ने जीता मिसेज इंडिया विवाशीयस का खिताब



हल्द्वानी(उद संवाददाता)। महानगर हल्द्वानी की निवासी प्रतिभावान महिला सोनिया अरोरा ने। जयपुर के जयबाग में 18 से 22 दिसम्बर तक चली पेजेंट प्रतियोगिता में मिसेज इंडिया विवाशीयस का खिताब अपने नाम किया। सोनिया ने बताया कि मिसेज इंडिया की उनकी यात्रा में बहुत कुछ सपने जैसा है और बहुत कुछ सच्चाई है। उन्होंने बताया इसकी शुरुआत हुई थी 7 महीने पहले अप्रैल माह में। जब उसने फेसबुक पर मिसेज इंडिया का विज्ञापन देखा और रजिस्ट्रेशन करा दिया। तब उसे पता नहीं था कि उसकी यह यात्रा उसे कहां तक ले जाएगी। सोनिया ने बताया कि जब मिसेज इंडिया की टीम ने ऑनलाइन ऑडिशन के लिए कांटेक्ट किया। उसके बाद उसे कॉल आया कि आपका सिलेक्शन मिसेज इंडिया फाइनलिस्ट में हो गया है। तब उसे विश्वास नहीं हुआ कि वह यहां तक पहुंच चुकी है। उन्होंने बताया कि जयपुर के जय बाग पैलेस में लगभग 14 राउंड हुए। जिसमें नेशनल राउंड में उसने उत्तराखंड की कुमाऊनी वेशभूषा में अपना परिचय दिया और उसे मिसेज इंडिया विवाशीयस का खिताब दिया गया तथा आयोजकों द्वारा उसे क्राउन पहनाकर तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। सोनिया ने बताया इस उपलब्धि का श्रेय वह अपने परिवार को देना चाहती हैं और यह कहना चाहती हैं कि अगर हम चाहे तो कुछ भी हासिल कर सकते हैं। कोशिश करें तो कामयाबी अवश्य मिलती है।


वह प्रगटयों मर्द अगम्मडा वरियाम अकेला
वाह वाह गोविंद सिंह आपे गुरु चेला



साध संगत जी

साहिबे कमाल दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह महाराज जी के प्रकाश पर्व दी संगता नू लख-लख बधाईयां

महान प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब से 28 दिसंबर दिन रविवार को प्रातः 11:00 बजे श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की छत्रछाया एवं पंच प्यारों की अगुवाई में विशाल एवं भव्य नगर कीर्तन निकलेगा जो शाम 4:00 वापस गुरुद्वारा साहिब पहुंचेगा। नगर कीर्तन में प्रसिद्ध रागी, ढाड़ी, कविसरी जत्थे व गतका पार्टी संगत को निहाल करेंगे।

विशेष - शाम को 6:00 से रात्रि 9:00 बजे तक श्री दरबार साहिब में धार्मिक दीवान सजेगा जिसमें प्रसिद्ध रागी ढाड़ी कविसरी जत्थे संगत को गुरु जस श्रवण करा के संगत को निहाल करेंगे।

अधिक से अधिक संख्या में नगर कीर्तन व धार्मिक दीवान में शामिल होकर गुरु घर की खुशियां प्राप्त करें।

गुरु पंथ के दास





हरभजन सिंह सचिव | अमरजीत सिंह चोपराए महासचिव | जोगिंदर सिंह संधू अध्यक्ष

एवं समस्त डायरेक्टर गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब, ऊधमसिंहनगर, उत्तराखंड

Website - www.nanakmattasahib.com, E-mail -gpc@nanakmattasahib.com, Mobile- 05948297123

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## पढ़ाई में पिछड़ते छात्र

देशभर में लाखों बच्चे अगर परीक्षाओं में विफल हो रहे हैं, तो इसकी वजह क्या है? क्या इसे गंभीर चुनौती मान लेने भर से इस समस्या का निवारण हो जाएगा? क्या यह जानने का प्रयास नहीं होना चाहिए कि शिक्षा में गुणवत्ता आखिर कहां कम रह गई और इसकी वजह क्या थी? विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा नहीं मिल पा रही है, तो जाहिर है कि पूरी व्यवस्था को अब दुरुस्त करने की जरूरत है। केवल चिंता जता देने और सतही कदम उठा लेने भर से काम नहीं चलेगा। फिलहाल तथ्य यही है कि देश में दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में हर वर्ष करीब पचास लाख विद्यार्थी विफल हो रहे हैं। इनमें अधिकतर विद्यार्थी पढ़ाई छोड़ देते हैं। खासतौर से लड़कियां विद्यालय नहीं लौटतीं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लड़के परिवार का बोझ उठाने के लिए काम करने लग जाते हैं। यह शिक्षा व्यवस्था की नाकामी तो है ही, वहीं शिक्षित भारत बनाने के लक्ष्य पर भी आघात है। इतनी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की विफलता बताती है कि विद्यालयी शिक्षा को हम गंभीरता से नहीं ले रहे। अब केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने इसे गंभीर चुनौती मानते हुए ऐसे विद्यार्थियों को दोबारा मुख्यधारा से जोड़ने की पहल की है। इसके तहत राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान को जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वह विद्यार्थियों तक पहुंचे और उन्हें पढ़ाई बीच में न छोड़ने के लिए प्रोत्साहित करे। मगर सच यह है कि पिछले कई वर्षों से शिक्षा के दूरगामी लक्ष्यों पर ध्यान नहीं दिया गया है। सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों का अभाव किसी से छिपा नहीं है। कई राज्यों में तो कहीं-कहीं एक या दो शिक्षकों के भरोसे विद्यालय चलने की खबरें आई हैं। आए दिन शिक्षकों को शिक्षण कार्य से अलग दूसरे कार्यों में लगा दिया जाता है। मध्याह्न भोजन योजना से लेकर जनगणना, आधार सत्यापन और चुनावी कार्य में उन्हें उलझाए रखना कोई नई बात नहीं। ऐसे में बच्चों को शिक्षा देने का मूल कार्य प्राय: हाशिये पर चला जाता है। उनका पाठ्यक्रम तक पूरा नहीं होता और वे पढ़ाई में निरंतर पिछड़ते चले जाते हैं। देश में ऐसा परिदृश्य बन रहा है, तो इसके लिए जिम्मेदार कौन है? सरकार इस स्थिति से अनजान नहीं है। उसे इस दिशा में सतही उपाय करने के बजाय ठोस कदम उठाने होंगे।


क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-

विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर

निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभव:-

पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, नि:सन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग

असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।

DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970

DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग

मिलने का समय : प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)

होटल राजश्री के सामने, गली नं 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड


# गदरपुर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हो रही अवैध खैर की तस्करी

## चौकी से 200 मीटर दूर वन विभाग ने अवैध खैर से लदा कैंटर किया बरामद

गदरपुर(उद संवाददाता)। गदरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत लकड़ी की तस्करी बड़े पैमाने पर हो रही है यह बात सामने आई है बीती रात वन विभाग की एसओजी टीम ने महतोश चौकी से महज 200 मीटर दूरी पर एक प्लांट के अंदर से अवैध खैर से लदे हुए कैंटर को बरामद करने में सफलता हासिल की है । प्राप्त जानकारी के अनुसार वन विभाग की एसओजी प्रभारी कैलाश चंद्र तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने मुखबिर की सूचना पर महतोष चौकी के निकट राधा कृष्ण प्लांट पर छापेमारी की छापे के दौरान प्लांट का अंदर से गेट बंद था और टीम के आने की भनक लगते ही आरोपी 7 से 8 लोग फरार हो गए कड़ी मशक्कत के बाद लगभग 2 घंटे के बाद प्लांट स्वामी ने किसी के हाथ प्लांट की चाबी भिजवाई जिसके बाद टीम अंदर पहुंची और



लगभग 150 कुंतल अवैध खैर से लदी कैंटर को बरामद कर लिया यह सारा घटनाक्रम महतोष चौकी से महज 200 मीटर की दूरी पर हुआ। पूर्व में भी लगभग दो सप्ताह पूर्व इसी तरह का एक मामला सामने आया था वह भी महतोष चौकी से कुछ ही दूरी पर था जहां वन विभाग की टीम ने एक अवैध खैर से लदी ट्रक को बरामद किया था वन विभाग के एसओजी प्रभारी कैलाश चंद्र तिवारी ने बताया कि प्लांट के अंदर अवैध खैर से लदे कैंटर के मामले में वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी इस दौरान वन दरोगा पूरन चंद पाठक, शुभम शर्मा, राहुल कनवाल, हीरा सिंह, दीपक, पीपल पड़ाव रेंज से रेंजर पूरन चंद जोशी, वन दारोगा चिन्हवाल, दीपक कुमार, अनिल, हप्पू मौजूद रहे।

# विद्या देवी मेमोरियल स्पोर्ट्स मीट और विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

किच्छा(उद संवाददाता)।वीर बाल शहीदी दिवस के अवसर पर विद्या पुष्प एकेडमी में आज विद्या देवी मेमोरियल स्पोर्ट्स मीट और विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र- छात्राओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं और विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसने उपस्थित अतिथियों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वीर साहबजादों के महान बलिदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राजेश शुक्ला ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हर प्रतियोगिता में भाग लेना छात्रों के लिए अपने आप को समाज में स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में केवल पुस्तक आधारित ज्ञान ही नहीं, बल्कि शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक क्षमताएं भी महत्वपूर्ण हैं। एक खिलाड़ी या छात्र अपनी प्रतिभा के विभिन्न क्षेत्रों में प्रदर्शन कर सफलता की ओर अग्रसर हो सकता है।राजेश शुक्ला ने आगे कहा कि आज के समय में छात्र और छात्राएं शिक्षा के साथ-साथ खेल, साहित्य, विज्ञान और कला के विभिन्न क्षेत्रों में अपना कौशल प्रदर्शित कर अपने परिवार, समाज और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने सभी छात्रों से आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें ताकि उनका भविष्य उज्जवल और सफल हो।इस अवसर पर रीना गौतम, मुकेश अग्रवाल, देवांग, प्रमोद कुमार, अमित पाल, सिमरन राजपूत, कविता जायसवाल, पूजा, अंजलि, सुरभि गौतम, शीला गौतम, गुरजीत कौर, रुबीना अंसारी, सुमन, दीक्षित, एस. एन. त्रिपाठी और किरन कौर सहित कई छात्र और शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल और प्रभावशाली संचालन अंकित पाण्डे द्वारा किया गया।






# न्यूजीलैंड से कृषि उत्पाद निर्यात पर भारत की दृढ़ता

विश्व कारोबार पटल पर भारत की महत्ता की स्वीकारता लगातार बढ़ती दिखाई दे रही है। भारत ने न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) में किसान हितों का पूरा ख्याल रखते हुए इस समझौते को अंतिम रूप दिया है। याद रहे अमेरिकी कृषि उत्पाद निर्यात पर भारत ने दो टूक मना कर दी थी। इस कारण राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नाराजी का भारत ने बढ़ाए गए टैरिफ का सामना किया। इसकी भरपाई के लिए धैर्य से काम लेते हुए ब्रिटेन, ओमान और अब न्यूजीलैंड से अपनी शर्तों पर एफटीए करके किसान हितों को साधते हुए उल्लेखनीय समझौते कर लिए। इसी माह दिसंबर 2025 में भारत ने ओमान के साथ कंप्रिहेंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट (सीपा) किया था और अब भारत की न्यूजीलैंड से चली 9 माह की वार्ता में न्यूजीलैंड से इस बात पर सहमति हो गई कि इस समझौते में कृषि और डेयरी उत्पादों को पूरी तरह बाहर रखा जाएगा। यह उपलब्धि इसलिए महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि भारत से 5000 अभियंता न्यूजीलैंड काम करने के लिए जाते हैं। बावजूद यह समझौता शून्य टैरिफ पर होना भारत के दोनों हाथों में लड्डू होने जैसा है।इस समझौते से अमेरिका को इसलिए भी झटका लगा है, क्योंकि पांच साल पहले एशिया-प्रशांत व्यापार क्षेत्र के रूप में उभर रहे 15 देशों के व्यापार पटल आरईसीपी (रिजनल कॉम्प्रेहेन्सिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप) का सदस्य बनने से भारत ने इंकार कर दिया था। इसका मुख्य कारण था कि न्यूजीलैंड के सस्ते दूध और कृषि उत्पादों का भारत में निर्यात रोकना। अब भारत ने न्यूजीलैंड से स्वतंत्र रूप में समझौता करके किसान हितों को साध लिया है। दरअसल भारत में किसान और दुग्ध उत्पादक ग्वालों की प्रकृति पर निर्भरता होने के कारण आर्थिक स्थिति अपेक्षाकृत कमजोर है। अतएव अमेरिका हो या न्यूजीलैंड यदि उनके सस्ते उत्पादों को भारत में बेचने की अनुमति मिल जाती है तो इन लोगों को रोटियों के लाले पड़ सकते है ? भारत इन उत्पादों की बजाय न्यूजीलैंड को सेब, कीवी, शहद और वाइन आयात करेगा। इनके आयात में टैरिफ में भी बड़ी राहत दी गई है। साथ ही न्यूजीलैंड सेब, कीवि और डेयरी क्षेत्र में भारतीय उत्पादकता को बढ़ाने में अपनी तकनीकि मदद भी देगा। अतएव यह समझौता पूर्ण रूप से भारतीय हितों को साधने वाला है।वे भारतीय ऋषि ही थे, जिन्होंने सबसे पहले जाना था कि गाय के दूध में ऐसे पोषक तत्व हैं, जो शरीर और दिमाग दोनों को ही स्वस्थ रखते हैं। यह दूध ही है, जिससे दही, मठा, मक्खन और घी जैसे सह-उत्पाद निकलते हैं। ये उत्पाद मिठाई की दुकानों से लेकर डेयरी उद्योग के जरिए करोड़ों लोगों के रोजगार का मजबूत मध्ययम बने हुए हैं। लंबे समय तक गाय से पैदा बैल पर ही भारतीय कृषि निर्भर रही है। इसी कृषि की जीडीपी में 24 प्रतिशत की भागीदारी है। भारतीय दुग्ध उत्पादन से लेकर दूध पीने में दुनिया में पहले स्थान पर हैं। इसी दूध पर अमेरिकी बाजार के कब्जे के लिए अमेरिका अपने यहां उत्पादित मांसाहारी दूध बेचना चाहता है। अन्य यूरोपीय देशों की निगाह भी इस दूध के व्यापार पर टिकी रही है, जिनमें से एक न्यूजीलैंड भी रहा है। अमेरिका और भारत के बीच 500 बिलियन डॉलर के व्यापार समझौते की बात चली थी। इस समझौते की सूची में अमेरिकन मांसाहारी दूध के उत्पाद शामिल थे। भारत सरकार ने इस बाबत दो टूक कह दिया था कि अमेरिकी दुग्ध उत्पादों को भारतीय बाजार का हिस्सा



नहीं बनाया जा सकता है। यह हमारे दुग्ध उत्पादक किसानों की आजीविका और उनकी संस्कृति की सुरक्षा से जुड़ा बड़ा प्रश्न है, जो स्वीकार योग्य नहीं है। इस मनाही के बाद अमेरिका ने भारत पर अनर्गल टैरिफ संबंधी शर्तें थोपना शुरू कर दी थीं। भारत में 13 जनवरी 1970 को फ्लड ऑपरेशन के साथ दूध का उत्पादन शुरू हुआ था। इसे ही श्वेत क्रांति का नाम दिया गया। यह केवल भारत में ही नहीं विश्व में सबसे बड़े ग्रामीण कार्यक्रमों में से एक है। इसी की बदौलत भारतीय डेयरी उद्योग का चेहरा बदला और लाखों दुग्ध उत्पादक किसानों की आर्थिकी में क्रांतिकारी बदलाव आया। दरअसल फिरंगी हुकूमत के दौरान पोल्सन नाम की ब्रिटिश कंपनी का इस क्षेत्र का दूध खरीदने पर एकाधिकार था। कंपनी दुग्ध उत्पादकों का लगातार शोषण कर रही थी। इस शोषण की शिकायत किसानों ने सरदार पटेल से की। पटेल गोधन, गोरस और गोदान की हिंदू जीवन शैली के अनुयायी थे। पटेल शोषण की जानकारी से बेचौन हुए और लौहपुरुष के अवतार में आ गए, उन्होंने तत्काल कंपनी को दूध बेचने से मना कर दिया। उनका मानना था कि जब कंपनी को दूध मिलेगा ही नहीं, तो उसे किसानों की शर्तें मानने को मजबूर होना पड़ेगा। साथ ही पटेल ने सभी किसानों को मिलकर सहकारी संस्था बनाकर स्वयं दूध और दूध के उत्पाद बेचने की सलाह दी। पटेल के इस सुझाव से किसान सहमत हो गए और अंग्रेजों को दूध न देने की चुनौती दे दी। बाद में 1946 में पटेल ने अपने भरोसे के साथ ही मोरारजी देसाई और त्रिभुवन दास पटेल की सहायता से भारत की पहली दुग्ध सहकारी संस्था की स्थापना की, इसे ही बाद में जिला सहकारी दुग्ध उत्पादन संघ के नाम से जाना गया। 250 लीटर दूध का प्रतिदिन कारोबार करने वाली इसी संस्था को आज विश्वव्यापी संस्था 'अमूल' के नाम से जाना जाता है। मिशिगन स्टेट विवि से मैकेनिकल इंजीनियरिंग करके भारत लौटे वर्गीज कुरियन ने सरकारी नौकरी छोड़कर इस संस्था में काम शुरू किया और भारत का पहला दूध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित किया। इसके बाद किसानों की ज्ञान परंपरा और कुरियन के यांत्रिक गठबंधन से इस संस्था ने उपलब्धि का शिखर चूम लिया। बिना किसी सरकारी मदद के बूते देश में दूध का 70 फीसदी कारोबार असंगठित ढांचा संभाल रहा है। इस कारोबार में ज्यादातर लोग अशिक्षित हैं। लेकिन पारंपरिक ज्ञान से न केवल वे बड़ी मात्रा में दुग्ध उत्पादन में सफल हैं, बल्कि इसके सह-उत्पाद दही, मठा, घी, मक्खन, पनीर, मावा आदि बनाने में भी मर्मज्ञ हैं। दूध का 30 फीसदी कारोबार संगठित ढांचा, मसलन डेयरियों के माध्यम से होता है। देश में दूध उत्पादन में 96 हजार सहकारी संस्थाएं जुड़ी हैं। 14 राज्यों की अपनी दुग्ध सहकारी संस्थाएं हैं। देश में कुल कृषि खाद्य उत्पादों व दूध से जुड़ी प्रसंस्करण सुविधाएं महज दो फीसदी हैं, किंतु वह दूध ही है, जिसका सबसे ज्यादा प्रसंस्करण करके दही, मठा, घी, मक्खन, मावा, पनीर आदि बनाए जाते हैं। इस कारोबार की सबसे बड़ी खूबी यह है कि इससे आठ करोड़ से भी ज्यादा लोगों की आजीविका जुड़ी है। करीब 1.5 करोड़ परिवार ही सहकारी दुग्ध उत्पादकता से जुड़े हैं, जबकि 6.5 करोड़ ग्रामीण परिवार आज भी सहकारिता के दायरे से वंचित हैं। दूध उत्पादन में ग्रामीण महिलाओं की अहम् भूमिका रहती है। रोजाना दो लाख से भी अधिक गांवों से दूध एकत्रित करके डेयरियों में पहुंचाया जाता है। बड़े पैमाने पर ग्रामीण सीधे शहरी एवं कस्बाई ग्राहकों तक भी दूध बेचने का काम करते हैं।इसी दूध के बाजार पर अमेरिका समेत अनेक दुग्ध उत्पादक पश्चिमी देशों की निगाहें टिकी रहती हैं। हालांकि अब दुग्ध उत्पादकों की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाए रखने के लिए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कुछ माह पहले ही दस हजार नई कृषि सहकारी समितियों को हरी झंडी दिखाई है। अगले पांच साल में इनकी संख्या दो लाख तक पहुंचाने की है। इन्हीं सहकारी संस्थाओं के जरिए कृषि और दुग्ध उत्पादों को भारत से लेकर एशिया और यूरोप तक बाजार में पहुंचाने की तैयारी है। ऐसे में यदि अमेरिकी या अन्य देशों के लिए दुग्ध उत्पाद बेचने के लिए भारतीय बाजार खोल दिए जाते तो इन समितियों की मुश्किलें तो बढ़ती हीं, दुग्ध उत्पादक आठ करोड़ लोगों की आजीविका पर भी संकट के बादल गहरा जाते।

-प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार

# भाकपा माले ने प्रदेश सरकार का पुतला फूंका,सीबीआई जांच की मांग

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। अंकिता भंडारी हत्याकांड में कथित वीआईपी को बचाने का आरोप लगाते हुए भाकपा (माले) ने शुक्रवार को रुद्रपुर के बाटा चौक पर प्रदेश की भाजपा सरकार का पुतला फूंका। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पूरे मामले की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो से जांच कराने की मांग की और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान भाकपा (माले) नेता अमनदीप कौर ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर शुरू से यह चर्चा रही है कि अंकिता पर किसी वीआईपी को विशेष सेवा देने का दबाव बनाया जा रहा था। दबाव से इनकार करने पर उसकी हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि अदालत द्वारा दोषियों को सजा दिए जाने के बाद भी यह रहस्य अब तक बना हुआ है कि वह वीआईपी कौन था, जिसकी वजह से अंकिता की हत्या हुई। उन्होंने हाल में सामने आए उन ऑडियो का उल्लेख किया, जिन्हें उर्मिला सनावर नामक महिला ने सार्वजनिक किया है। इन ऑडियो मेंज्वालापुर से भाजपा के पूर्व विधायक सुरेश राठौर बताए जा रहे व्यक्ति यह कहते सुने जा सकते हैं कि इस मामले में वीआईपी के रूप में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री और उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम तथा भाजपा के उत्तराखंड संगठन महामंत्री अजय कुमार के नाम सामने आते हैं। ऑडियो में दुष्यंत कुमार गौतम के खिलाफ महिला संबंध ी मामलों का भी जिक्र होने का दावा किया गया है। अमनदीप कौर ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पार्टी की छवि बचाने के लिए इस प्रकरण में सीबीआई जांच नहीं होने दी। उन्होंने कहा कि ये सभी दावे बेहद गंभीर और चिंताजनक हैं, जिनकी स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच जरूरी है। इसके लिए कथित वीआईपी बताए जा रहे लोगों के कॉल विवरण रिकॉर्ड और मोबाइल लोकेशन की जांच होनी चाहिए तथा ऑडियो रिकॉर्डिंग की फॉरेंसिक जांच कराई जानी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले उत्तराखंड पुलिस की विशेष जांच टीम राजनीतिक दबाव के चलते वीआईपी का खुलासा करने में विफल रही। सभा को संबोधित करते हुए ललित मटियाली ने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में महिलाओं के खिलाफ हो रही घटनाएं भाजपा के महिला विरोधी चरित्र को उजागर करती हैं। उन्होंने बिहार और उत्तर प्रदेश की घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तराखंड में भी वीआईपी को बचाने का प्रयास उसी मानसिकता को दर्शाता है।पुतला दहन कार्यक्रम में ललित मटियाली, अमनदीप कौर, ज्ञानी सुरेन सिंह, उत्तम दास, अनिता अन्ना, माकपा नेता जागीर सिंह, विजय शर्मा, प्रीति मौर्य, मंजू कश्यप और मोहनस्वरूप सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। **बिंदुखत्ता।** बिंदुखत्ता के कार रोड चौराहे पर अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर वामपंथी संगठनों ने संयुक्त प्रदर्शन किया। भाकपा (माले), अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन और ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावध ान में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री का पुतला फूंका गया। प्रदर्शनकारियों ने पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच कराने, कथित वीआईपी की पहचान सार्वजनिक करने और मामले में संलिप्त बताए जा रहे भाजपा नेताओं पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने आरोप लगाया कि अंकिता भंडारी हत्याकांड में प्रभावशाली लोगों को बचाने का प्रयास किया गया है, जिससे जनता में आक्रोश व्याप्त है। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि पार्टी की छवि बचाने के लिए दोषियों को संरक्षण दिया गया, जो अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि ऐसे गंभीर प्रकरण में नैतिक जिम्मेदारी तय होनी चाहिए और मुख्यमंत्री को पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन की प्रदेश संयोजक विमला रौथाण ने कहा कि 18 सितंबर 2022 को हुए अंकिता भंडारी हत्याकांड में शुरू से यह चर्चा रही है कि अंकिता पर किसी वीआईपी को विशेष सेवा देने का दबाव बनाया जा रहा था। दबाव से इनकार करने पर उसकी हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि दोषियों को सजा मिलने के बावजूद यह रहस्य अब तक बना हुआ है कि वह वीआईपी कौन था, जिसके चलते यह जघन्य अपराध हुआ। उन्होंने हाल में सामने आए उन ऑडियो क्लिपों का जिक्र किया, जिन्हें उर्मिला सनावर नामक महिला ने सार्वजनिक किया है। भाकपा (माले) नेता किशन बघरी ने कहा कि सामने आए दावे बेहद गंभीर हैं और इनकी स्वतंत्र व निष्पक्ष जांच अनिवार्य है। उन्होंने मांग की कि नए तथ्यों के आलोक में प्रदेश के बाहर की किसी स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराई जाए और उच्चतम न्यायालय की निगरानी में सीबीआई जांच सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी राजनीतिक दबाव की गुंजाइश न रहे। आईसा के नैनीताल जिलाध्यक्ष धीरज कुमार ने कहा कि महिला सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाना जरूरी है। उन्होंने देश के अन्य मामलों का उदाहरण देते हुए कहा कि आरोपियों की रसूख और ताकत के आगे कानून कमजोर नहीं पड़ना चाहिए। उत्तराखंड में ऐसा कोई उदाहरण स्थापित नहीं होने दिया जाना चाहिए, जहां दोषियों को संरक्षण मिले। प्रदर्शन में भाकपा (माले) एरिया सचिव पुष्कर दुबड़िया, महिला नेता निर्मला शाही, अस्मिता, वरिष्ठ नेता विशन दत्त जोशी, हरीश भंडारी, गोबिंद जीना, कमल जोशी, प्रमोद कुमार, वीर भद्र भंडारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।





# अपहरण और दुष्कर्म में दस हजार का ईनामी आरोपी गिरफ्तार

रूद्रपुर। कोतवाली गदरपुर पुलिस ने नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के गंभीर मामले में लंबे समय से फरार चल रहे 10,000 के इनामी अपराधी विवेक दास को गिरफ्तार किया। एसएसपी मणिकांत मिश्रा के सख्त निर्देशों के तहत यह कार्रवाई की गई। विवेक दास पुत्र सुध ाशु दास, निवासी ग्राम पिपलिया नम्बर-01, गदरपुर, नाबालिग के अपहरण और पोक्सो अधिनियम के तहत दुष्कर्म के मामले में फरार था। मामले की गंभीरता को देखते हुए 19 मई 2025 को वादी की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया था। उसी दिन से अभियुक्त की तलाश शुरू हुई और एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने विशेष पुलिस टीम गठित कर उसे पकड़ने के निर्देश दिए। अभियुक्त पर 10,000 का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस टीम ने अभियुक्त की लोकेशन मोबाइल सर्विलांस और तकनीकी प्लेटफॉर्म के माध्यम से ट्रेस की। विवेक दास उत्तर प्रदेश के अयोध्या से पश्चिम बंगाल तक फरार होने का प्रयास कर रहा था, लेकिन पुलिस ने लगातार दबिश और निगरानी के बाद उसे रामपुर हेलवारा पोस्ट-सरारासी, निर्माणाध ीन एनएच, अयोध्या के पास दबोच लिया। गिरफ्तार अपराधी एक शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरुद्ध पहले भी माननीय न्यायालय द्वारा गैर जमानती और कुर्की वारंट जारी हो चुके थे। गिरफ्तारी के बाद उसकी आपराधिक पृष्ठभूमि की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। गिरफ्तारी अभियान में पुलिस ने लगभग 2000 किलोमीटर तक लगातार पीछा किया और कई राज्यों में दबिश दी। गिरफ्तार अभियुक्त विवेक दास मूल निवासी ग्राम पिपलिया नम्बर-01, कोतवाली गदरपुर है और वर्तमान में रामपुर हेलवारा पोस्ट-सरारासी, निर्माणाधीन एनएच, अयोध्या में छिपने की कोशिश कर रहा था। गिरफ्तारी अभियान को कोतवाली गदरपुर के प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक, उप निरीक्षक मुकेश मिश्रा, उप निरीक्षक पूनम रावत, अपर उपनिरीक्षक जितेन्द्र मेहरा और कांस्टेबल रघुवर सिंह एवं भूपेन्द्र आर्या ने अंजाम दिया। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने कहा कि पुलिस का यह अभियान अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख और तकनीकी तत्परता का उदाहरण है। उन्होंने बताया कि ऐसे गंभीर मामलों में पुलिस हर संभव प्रयास करती है ताकि पीड़ित को न्याय मिल सके और अपराधियों को कानून के तहत कठोर दंड दिया जा सके।



# प्रधानमंत्री युनूस का फूंका पुतला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बंगाली कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप अधिकारी के नेतृत्व में क्षेत्र के बंगाली समाज के लोगों ने गांधी पार्क के पास जोरदार प्रदर्शन हुए बाग्लादेश के प्रधानमंत्री मो. यूनुस के पुतले को आग के हवाले किया। प्रदेश अध्यक्ष दिलीप अधिकारी ने कहा कि जिस प्रकार 1976 में इन्दिरा गांधी ने पाकिस्तान के दो टुकड़े कर पूर्वी पाकिस्तान को बांग्लादेश के रूप में स्थापित किया। अब आवश्यकता है उसी प्रकार बांग्लादेश के दो टुकड़े कर वहां पर हिन्दुओं के लिए



अलग देश स्थापित किया जाये ताकि हिन्दू परिवार के लोग वहां पर शांति से जीवन यापन कर सकें। पुतला फूंकने वालों में चन्द्रशेखर गांगुली, अर्जुन विश्वास, संजय गाईन, गोविन्द राय, मानवेन्द्र राय, मुकेश मंडल, राजू मल्लिक, राज चक्रवर्ती, डा. नव कुमार साना, जगदीश कर्मकार, शुभम दास, शुभम स्वर्णकार, विश्वजीत मंडल, समीर राय, सुभाष व्यापारी, काजल राय, मिलन सिकदार, सुकुमार अधिकारी, कृष्णपद विश्वास, नारायण महाजन, सत्यजीत सरकार, तापस विश्वास व जय सरकार आदि मौजूद थे।

## पेज एक का शेष...

**पर्वतीय क्षेत्रों में सशक्त होगा...**कॉलेज लामाचौड़ होते हुए कालाढूंगी मुख्य मार्ग तक डीबीएम बी द्वारा सड़क चौड़ीकरण कार्य के लिए 380.88 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा, विकासखंड कोटाबाग के ग्राम वालाकोट (भाटलानी) स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण 104.56 लाख रुपये की लागत से किया गया। मुख्यमंत्री ने निगम नल वाला मार्ग के पीसी द्वारा पुनर्निर्माण एवं शुभम के घर से सुरेश भट्ट के घर तक मार्ग के नव निर्माण हेतु 183.47 लाख रुपये का शिलान्यास भी किया। इसके अतिरिक्त, राज्य योजना के अंतर्गत कोटाबाग- रामनगर-कालाढूंगी-हल्द्वानी- काठगोदाम मार्ग पर निहाल नदी में 24 मीटर स्पान के आरसीसी सेतु के निर्माण के लिए 319.20 लाख रुपये और हल्द्वानी ब्लॉक में आईटीआई क्रॉसिंग से रामपुर रोड तथा डॉ. सुशीला तिवारी मेडिकल कॉलेज के पास नहर कवरिंग के बाद मार्ग चौड़ीकरण कार्य के लिए 2374 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई।अन्य विकास कार्यों में विधानसभा कॉलोनी के रमणीक राम सिंह मुख्य मार्ग के लिए 13 लाख रुपये, ग्राम फूलचौड़ में मैन तुलसी विहार मार्ग के लिए 31.41 लाख रुपये, काठगोदाम 33/11 केवी उपकेंद्र एवं संबंधित लाइनें, हल्द्वानी जयपुर पेंडल और आईटीआई डहरिया में 33/11 केवी विद्युत परियोजनाएं तथा राजकीय महाविद्यालय कोटाबाग में चारदीवारी, बार्बेड वायर फेंसिंग और मैदान का समेकन (95.90 लाख रुपये) शामिल हैं।

**जमीनी विवाद में ...**जहां से वह काम के लिये अपने दोस्त सूरज के साथ उक्त खेत में चला गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने क्षेत्र को घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल पर कई खाली कारतूस बिखरे मिले जिससे अंदेशा है कि हमलावरों ने 50 से अधिक राउंड फायरिंग की। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है।घटना के बाद से प्रीत बिहार और आसपास के इलाकों में तनाव का माहौल है।एहतियातन क्षेत्र में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। दिन दहाड़े खेत में हुई इस फायरिंग से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है

**टूरिस्ट बस और..**चौकी गेट के पास गौला नदी की ओर जा रहे डंपर ने अचानक मोड़ लेते हुए सामने आ गया, जिससे दोनों वाहनों में सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस और डंपर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायल डंपर चालक को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, बस में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हादसे के कारण मार्ग पर कुछ देर यातायात बाधित रहा, जिसे पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर सुचारु कराया। अधिकारियों ने बताया कि गनीमत रही कि इस भीषण टक्कर में किसी यात्री को कोई गंभीर चोट नहीं आई। पुलिस अब हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

**किशोरी से छेड़छाड़..**के साथ ही इसकी शिकायत उसने परिजनों से की थी। आरोप है कि शनिवार को उसने जब इन हरकतों का फिर से विरोध किया तो दुकान स्वामी उसे दुकान के भीतर ले गया जहां दुकान स्वामी के कुछ अन्य लोग भी आ गये और उससे छेड़छाड़ करने लगे। जब वह शोर मचाने लगी तो उन्होंने उस पर कैंची से हमला किया और डंडों से मारने लगे। शोर होने पर कई लोगों के आ जाने से सभी वहां से भाग गये। इस घटना में किशोरी के सिर पर कैंची के वार से गंभीर चोट आ गई। इधर मामले की जानकारी मिलते ही हिंदू संगठनों से जुड़े कई लोगों सहित किशोरी के परिजन भी वहां आ गये और उन्होंने घटना की कड़े शब्दों में निन्दा कर बाजार चौकी पहुंचकर जमकर हंगामा काटा तथा सभी आरोपियों को पकड़कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की। उनका कहना था कि देवभूमि में ऐसी किसी भी हरकत को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। यदि पुलिस कोई ठोस कदम नहीं उठायेगी तो हिंदु संगठनों को इसके लिए आगे आने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। बाद में परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने दुकान स्वामी और मैसेज भेजने वाली युवती नेहा के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि सभी आरोपियों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा। हिन्दूवादी संगठनों के नेताओं ने कहा कि अब फिर से सभी दुकानों पर लगे बोर्डों पर दुकान स्वामी का नाम लिखवाने का अभियान शुरू किया जायेगा।

**ऑनलाइन टेडिंग...**जलान और दीपिका बुंदेला के साथ हरनेस महेश शुक्ला और हेमांग मेहता भी थे। शुरुआत में ग्रुप के अन्य सदस्य लाभ-हानि के आंकड़े साझा कर निवेश के लिए प्रेरित करते रहे। अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि ग्रुप में चल रही बातचीत और साझा किए गए स्क्रीन शॉट्स देखकर उन्होंने भी निवेश करने का निर्णय लिया। इसके बाद हरनेस महेश शुक्ला ने उन्हें प्ले स्टोर से इंडिया बोल्ट प्लस एप्लिकेशन डाउनलोड कराई, जिसमें उनके लिए एक व्यक्तिगत आईडी बनाई गई। इस एप्लिकेशन के माध्यम से एआई ट्रेडिंग, ओटीसी ट्रेडिंग और आईपीओ में निवेश किया गया। अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि उन्होंने अपने बैंक खाते से 1 दिसंबर से 15 दिसंबर 2025 तक विभिन्न खातों में कुल 2,94,000 रुपये निवेश किए। शुरुआत में एप्लिकेशन पर निवेश की राशि और संभावित लाभ दिखाई देने लगे, लेकिन जैसे ही उन्होंने फंड निकालने का प्रयास किया, उन्हें विड्रॉल की अनुमति नहीं दी गई। तब उन्हें एहसास हुआ कि उनके साथ धोखाधड़ी की गई है। उन्होंने शिकायत में यह भी उल्लेख किया कि अज्ञात व्यक्तियों ने फर्जी शेयर ट्रेडिंग का लालच देकर और बीआर जलान सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का फर्जी प्रतिनिधि बनकर धोखाधड़ी की है। आरोप है कि इस पूरे मामले में छल और कपट के माध्यम से कंप्यूटर संसाधनों का दुरुपयोग करते हुए उन्हें कुल 2,94,000 रुपये का वित्तीय नुकसान हुआ। साइबर क्राइम विभाग ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# डॉक्टर को 20 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया

हरिद्वार। रुड़की सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की साख पर सवाल खड़े हो गए हैं। विजिलेंस टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शनिवार देर रात सिविल अस्पताल में तैनात एक डॉक्टर को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। मेडिकल की सप्लीमेंट्री के नाम पर पीड़ित से 20 हजार रुपये की रकम मांगी गई थी। आज विजिलेंस ने डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, डॉक्टर ने करीब 20 दिन पहले ही रुड़की के सिविल अस्पताल में ज्वॉइन किया था। इससे पहले डॉक्टर मसूरी में तैनात था। बताया जा रहा है कि रिश्वत मांगने के आरोप में पीड़ित ने इसकी शिकायत विजिलेंस विभाग से की, जिसके बाद पूरी योजना बनाकर ट्रैप कार्रवाई की गई। तय रकम लेते ही विजिलेंस टीम ने डॉक्टर को इमरजेंसी में मौके पर ही दबोच लिया। विजिलेंस की इस कार्रवाई से अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद कर्मचारियों और मरीजों में भी चर्चा का माहौल बना रहा। आरोपी डॉक्टर को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई चल रही है। विजिलेंस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और यह भी पता लगाया जाएगा कि डॉक्टर पहले भी इस तरह की गतिविधियों में शामिल रहा है या नहीं।

# पर्वतीय इलाकों में बारिश-बर्फबारी होने की संभावना, तरायी में छाया कोहरा

देहरादून। उत्तराखंड में अब ठंड बढ़ गई है। आज हरिद्वार में कोहरे के कारण विजिबिलिटी बेहद कम दिखी। वहीं उधमसिंहनगर जिले में भी सुबह से घना कोहरा छाया रहा। आज कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, मौसम नए साल में बारिश-बर्फबारी का तोहफा दे सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार आगामी 30-31 दिसंबर के साथ एक जनवरी को पर्वतीय इलाकों में बारिश-बर्फबारी होने की संभावना है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड) से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# चोरों ने रेडीमेड शोरूम एवं जनरल स्टोर से उड़ाई लाखों की नगदी

## चोरों ने शटर के ताले तोड़े बिना रोशनदान से प्रवेश किया

किच्छा (उद संवाददाता)। कोतवाली अंतर्गत मार्केट में जॉकी रेडीमेड एवं जनरल स्टोर की दुकान में संदिग्ध परिस्थितियों में बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देकर लाखों रुपए की नगदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना को अंजाम देने के लिए चोरों ने दुकान में बने रोशनदान से प्रवेश किया और करीब 4 लाख 45 हजार रुपए की नगदी चुराकर दुकान में लगे दरवाजे का ताला तोड़कर अज्ञात चोर मौके से फरार हो गए। शनिवार की सुबह जब दुकान स्वामी मौके पर पहुंचे तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। पीड़ित व्यापारी की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस की टीम ने मौका मुआयना कर एवं पीड़ित व्यापारी से हुए नुकसान की जानकारी ली। फिलहाल पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोरों की तलाश एवं घटना की जांच तेज कर दी है। जानकारी के अनुसार पुजारा कॉलोनी, आजाद नगर मार्ग किच्छा निवासी टिंकू फुटेला एवं महेंद्र फुटेला पुत्रगण राजा फुटेला की जॉकी रेडीमेड एवं महेंद्र



जनरल स्टोर के नाम से नगर के पुरानी नैनीताल बैंक गली में दुकान है। बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने दुकान में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया और लाखों की नगदी चुरा ली। पीड़ित व्यापारी महेंद्र फुटेला एवं टिंकू फुटेला ने बताया कि रोज की तरह उन्होंने बीते दिवस रात्रि करीब 8:30 बजे दुकान को बंद किया और घर चले गए। बताया कि शनिवार एवं रविवार को बैंक का अवकाश होने के चलते उन्होंने व्यापार की धनराशि तथा व्यापारियों से प्राप्त धनराशि को दुकान के गल्ले में रखकर लॉक लगा दिया था। उन्होंने बताया कि शनिवार की सुबह जब दुकान पर काम करने वाले कर्मचारियों द्वारा दुकान के दोनों शटर खोले गए तो अंदर का नजारा देखकर कर्मचारी दंग रह गए। अज्ञात चोरों द्वारा दुकान के अंदर दोनों काउंटर के गल्ले तोड़कर तलाशी लेने के साथ ही काउंटर में रखा सारा सामान अस्त व्यस्त कर दिया गया था। कर्मचारियों की सूचना पर व्यापारी महेंद्र फुटेला एवं टिंकू फुटेला तुरंत दुकान पर पहुंचे और कोतवाली पुलिस को घटना की सूचना दी। घटना की जानकारी पर व्यापारी नेता नितिन फुटेला सहित अन्य व्यापारी भी मौके पर पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक प्रकाश सिंह दानू के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मौका मुआयना करने के साथ ही पीड़ित व्यापारियों से घटना एवं नगदी चोरी के बारे में जानकारी प्राप्त की। व्यापारी महेंद्र फुटेला ने बताया कि अज्ञात चोरों ने दुकान के शटर के ऊपर लगे छोटे से रोशनदान के माध्यम से दुकान में प्रवेश किया और चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद अज्ञात चोर दुकान के पिछले हिस्से में लगे दरवाजे का ताला तोड़कर बाहर निकल गए। उन्होंने बताया कि इस दौरान अज्ञात चोरों ने जनरल स्टोर तथा जॉकी रेडीमेड के काउंटर में रखी करीब 4 लाख 75 हजार रुपए की धनराशि चुरा ली। जबकि अज्ञात चोरों ने दुकान में नगदी के अलावा किसी अन्य सामान को नुकसान नहीं पहुंचाया। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच के दौरान दो संदिग्ध युवक वीडियो फुटेज में कैद हुए हैं। फिलहाल पुलिस ने व्यापारी से जानकारी तथा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच को तेज कर दिया है।

### दुकान के कर्मचारी की हो सकती है मिलीभगत

किच्छा। व्यापारी की दुकान में हुई चोरी के मामले में पूरा घटनाक्रम संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। संभावना जताई जा रही है कि दुकान में काम करने वाले आठ कर्मचारियों में से किसी कर्मचारी द्वारा चोरों की मदद की गई है। आशंका जताई जा रही है कि जिस रोशनदान से चोरों ने दुकान में प्रवेश किया, उस रोशनदान की कुंडी को किसी कर्मचारी द्वारा रात को जान बूझकर चोरों की मदद के लिए खुला छोड़ दिया गया था तथा चोरों को इस बात की भी जानकारी थी कि प्रतिष्ठान स्वामी द्वारा रात को दुकान के सीसीटीवी कैमरे बंद कर दिए जाते हैं। चोरों को दुकान में प्रवेश करने तथा पिछले दरवाजे से बाहर निकालने की भी पूरी जानकारी थी। देवभूमि व्यापार मंडल के नगर महामंत्री नितिन फुटेला ने कोतवाली पुलिस से घटना का खुलासा जल्द किए जाने की मांग की है।

# हीरोइन के साथ 2 नेपाली युवकों को किया गिरफ्तार

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। थाना पुलिस दो नेपाली को 15 ग्राम ग्राम स्मैक/ हीरोइन के साथ गिरफ्तार किया है । थाना अध्यक्ष उमेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार नशा बेचने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के अनुक्रम में चौकिंग के दौरान पुलिस टीम द्वारा दो नेपाली अभियुक्तों जीवन कार्की पुत्र बलबहादुर कार्की निवासी ओडा नंबर 18 नगर पालिका भीमदत्त महाकाली अंचल महेंद्र नगर जिला कंचनपुर नेपाल, देव कुमार चौधरी पुत्र देशराज चौधरी निवासी उपरोक्त के कब्जे से 02 प्लास्टिक की पारदर्शी पन्नियों में 8.02 ग्राम स्मैक / हैरोइन शुद्ध वजन 6.



99 ग्राम व अभियुक्त देव कुमार चौधरी से एक प्लास्टिक के पारदर्शी पन्नी में 6.83 ग्राम स्मैक (हेरोइन) शुद्ध वजन 5.97 ग्राम स्मैक (हीरोइन ) की बरामदगी के आधार पर गिरफ्तार करके थाना नानकमत्ता में एनडीपीएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। जिसकी विवेचना उपनिरीक्षक मनोज जोशी द्वारा संपादित की जा रही है। थाना अध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि पकड़े गए नेपाली युवकों ने कई नशा बेचने वाले लोगों के नाम बताए हैं, जिसके आधार पर जांच के पश्चात उनकी संपत्ति की की भी जांच की जाएगी। पुलिस टीम में उ0 नि0 सुनील कुमार, कानि0 विक्रम सिंह का वीरेंद्र कुमार शामिल थे।

# शहीदी दिवस पर बांटा प्रसाद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वीरांगना ग्रुप ने शहीदी दिवस पर शनिवार की सायं नगर की दुर्गा मंदिर गली में लोगों को दूध, चना, समोसा व ब्रेड का प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर अध्यक्ष रेनू अरोरा, देवेन्द्र कुकरेती, गुरशरण बब्बर, विनोद अरोरा, जिम्मी, पूर्वी गुप्ता, प्रियंका कम्बोज, रोजी मल्होत्रा, संगीता बांगा, आकांक्षा अरोरा, सोनिया अरोरा, सोनिया चावला, संजू दास, गोविन्द राजा, इकनूर सिंह, नवीन शास्त्री आदि मौजूद थे।






# भाजपा नेता चुघ ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात

रुद्रपुर (उद संवाददाता) ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 129 वां एपिसोड प्रसारित किया गया। जो 22 भाषा और 29 बोलियां में सुना गया। वार्ड नंबर 8 विवेक नगर बूथ संख्या 42 ट्रांजिट कैंप में मुकेश कुमार राय के प्रतिष्ठान पर वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने अपने सहयोगियों के साथ मन की बात का प्रसारण सुना। प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम की शुरुआत देश को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2025 में देश ने कई उपलब्धियां हासिल की। जिसमें सुरक्षा, खेल, विज्ञान, कला, शिक्षा जैसे तमाम क्षेत्र रहे ।जिसमें भारत देश ने हर क्षेत्र में अपनी मजबूत छाप छोड़ी और विश्व के मानचित्र पर अपने आप को अंकित किया। चुघ ने कहा कि पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में मन की बात कार्यक्रम में बताया कि किस प्रकार से इस ऑपरेशन से पूरा देश गर्व से भर गया था क्योंकि देश किसी भी प्रकार से सुरक्षा से समझौता नहीं करता और दुश्मन देश को ऑपरेशन सिंदूर के जरिए करारा जवाब दिया गया था। उन्होंने कहा कि महिला और पुरुष क्रिकेट टीम ने इतिहास रच दिया। वंदे मातरम के डेढ़



सौ वर्ष पूरे होने पर अभियान चलाया गया जिसमें लाखों युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पीएम मोदी ने कहा कि देश में आस्था संस्कृति की विरासत एक साथ चल रही है। प्रयागराज कुंभ का आयोजन पूरी दुनिया को चकित करने वाला था। अयोध्या के राम मंदिर में ध्वजारोहण ने देश को गर्व से भर दिया। लगातार देश में स्वदेशी को बढ़ावा दिया जा रहा है। हालांकि देश को प्राकृतिक आपदाओं का भी सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 नई उम्मीद के साथ आ रहा है और देश 2026 में भी नई उपलब्धियां को हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया देश की युवा शक्ति को देख रही है क्योंकि देश के युवाओं में सदैव कुछ नया करने का जुनून है। आने वाले दिनों में देशभर में स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के अवसर के रूप में मनाई जाएगी जिसको लेकर उत्साह है। उन्होंने कहा कि देश में प्रतिभाओं की कमी नहीं है और लगातार युवा विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा को आगे ला रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि दुबई में कन्नड़ पाठशाला से हजारों बच्चे जुड़े। काशी के बच्चे तमिल भाषा सीख रहे हैं। फिजी में भारतीय संस्कृति को बढ़ाने के प्रयास किया जा रहे हैं। जिससे प्रतीत होता है की पूरी दुनिया आज भारत की ओर देख रही है। इसके अलावा पीएम मोदी ने देश के अलग-अलग देश में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों का भी जिक्र किया। इस दौरान शिव कुमार ,मुकेश कुमार राय, सुरेंद्र गुप्ता, शिव कुमार, अजय मिश्रा ,कमल कोली, मोहित सक्सेना ,धर्मेंद्र गंगवार, अजय कुमार ,राजू कुमार, विशाल गुप्ता ,अवधेश सक्सेना, सुनील कुमार ,रवि कुमार ,वर्षा गुप्ता आदि मौजूद थे।

